खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : $37^0$ C
न्यूनतम : $22^0$ C
बरेली, मंगलवार 19 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 168 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 1 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित पेज 2



सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय खेल टाइम्स



चीन से खाली हाथ लौटे ट्रम्प, नहीं बोल पा रहे हैं खुलकर सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप पेज 12

# नौ राज्यों में पारा $45^0$ के पार, यूपी का बांदा सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत मैदानी इलाकों के 9 राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र का विदर्भ- मराठवाड़ा और तेलंगाना में भी सोमवार को येलो अलर्ट रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में कई जिलों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। गर्मी का यह दौर पिछले एक हफ्ते से जारी है। रविवार को यूपी का बांदा 46.4 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान के बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45 डिग्री और मप्र के खंडवा में 44.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

- **बांदा का तापमान 46.4 डिग्री दर्ज**
- **बिहार में गर्मी से 27 छात्राएं बेहोश**

इधर, बिहार में कई जिलों में उमस भरी गर्मी है तो कुछ जगह बारिश हो रही है। शेखपुरा के कस्तूरबा स्कूल में गर्मी के कारण 27 छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं। सभी को शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देश के बाकी हिस्सों की बात करें तो केरलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश हो सकती है। 19 मई को उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है।



## संक्षिप्त समाचार

### जयराम ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। श्री रमेश ने सोमवार को सभापति को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने 15 मई को संवाददाता सम्मेलन में संसद और संसदीय समितियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया है। श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट से जुड़े सवालों पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया था।

### इंजीनियर राशिद को पिता के अंतिम संस्कार के लिए मिली अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद बारामूला के सांसद अब्दुल राशिद शेख (इंजीनियर राशिद) को सोमवार को उनके पिता खजीर मोहम्मद शेख के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। श्री खजीर मोहम्मद शेख (85) का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के नेता फिरदौस बाबा ने बताया कि जेल में बंद सांसद को उनके पिता के निधन के बाद पिछली शर्तों के आधार पर दो जून तक के लिए जमानत दी गई है। अदालत ने यह राहत तब दी, जब आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद राशिद ने अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल होने की अनुमति मांगते हुए एक अर्जी दाखिल की।

### वडोदरा से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में लाइट गुल

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में रविवार रात इंडिगो की फ्लाइट (6ई 657) में बिजली गुल हो गई। विमान का ग्राउंड पावर यूनिट (जीपीयू) अचानक बंद हो जाने से ये हालात बने। इसके चलते पैसेंजर्स को अंधेरे और भारी उमस में परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। एक पैसेंजर ने अपने मोबाइल में ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था, जो अब वायरल हो रहा है। रविवार रात को इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई657 वडोदरा से दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थी। इसी बीच 8:50 बजे अचानक फ्लाइट की बिजली गुल हो गई। करीब 25 मिनट बाद बिजली की सप्लाई दोबारा शुरू हो सकी।

### नीट केस में महाराष्ट्र के केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर अरेस्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है।

### रुपया 44 पैसे टूटा, 96.25 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल में जारी तेजी के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया सोमवार को 44 पैसे टूट गया और पहली बार एक डॉलर 96.25 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 17 पैसे की गिरावट में 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। बीच कारोबार में इसका निचला स्तर 96.14 रुपये प्रति डॉलर रहा था। रुपये पर सोमवार को शुरू से ही दबाव रहा। यह 38 पैसे नीचे 96.18 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। फिलहाल यह 96.25 रुपये प्रति डॉलर तक टूट चुका है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी रही।

# उमर खालिद को मिल सकती थी जमानत: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने जमानत मामले में अपने ही फैसले पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को जमानत देने से इन्कार करने वाले अपने पिछले फैसले पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने सोमवार को यह बयान सैयद इफ्तिखार अंद्राबी से जुड़े नार्को- टेररिज्म मामले पर सुनवाई के दौरान दिया।

कोर्ट ने माना कि किसी आरोपी को बेल देना एक नियम है, उसे जेल भेजना अपवाद होना चाहिए। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने केए नजीब मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में माना था कि मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर अदालतें गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम



- **आरोपी को बेल देना नियम है और जेल अपवाद**

(यूएपीए) मामलों में जमानत दे सकती हैं। कोर्ट ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका खारिज करते समय कोर्ट ने इस फैसले पर ध्यान नहीं दिया था। 2019 से 2023 के बीच पूरे भारत में यूएपीए मामलों में सिर्फ 1.5प्रतिशत-4फीसदी लोगों को सजा हुई। यानी लगभग 94 प्रतिशत मामलों में बरी होने की संभावना होती है। दिल्ली दंगे का आरोपी उमर खालिद जेएनयू का पूर्व छात्र है। वह सितम्बर 2020 से जेल में है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब कोई बड़ी बेंच फैसला सुना देती है, तो छोटी बेंच को उसे मानना ही पड़ेगा। आजकल ऐसा देखा जा रहा है कि छोटी बेंच सीधे-सीधे मना तो नहीं करतीं, लेकिन घुमा-फिराकर बड़े फैसले के असर को कमजोर कर देती हैं। इस साल 4 जनवरी को जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने फैसले को रीव्यू करने से भी मना कर दिया था। कहा था कि दोनों आरोपी एक साल तक दिल्ली दंगे मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते। उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 750 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं।

# नॉर्वे ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान

ओस्लो, वार्ता

**नॉर्वे के राजा** हेराल्ड पंचम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नार्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है।

इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले रविवार को स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने सोमवार को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। इस समझौते के तहत अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियां पैदा करने का टारगेट रखा गया है। 19 मई को ओस्लो में तीसरा भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। मोदी ने कहा कि यह उनके नार्डिक समकक्षों से मुलाकात का शानदार अवसर होगा।

## पीएम मोदी का ये 32वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान



- **यूरोप भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करेगा**

# बंगाल में इमाम-मुअज्जिन और पुजारियों का भत्ता बंद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए। राज्य सरकार ने इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को दिए जाने वाले भत्ते को एक जून से बंद करने का फैसला किया है।

इसके अलावा टीएमसी सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न की जांच के लिए 2 आयोग बनेंगे। दोनों आयोगों की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। साथ ही

- **महिलाओं को एक जून से 3000 रुपये मिलेंगे**

महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने 3000 रुपये देने, मुफ्त बस यात्रा शुरू करने, सातवां वेतन आयोग गठित करने और ओबीसी सूची में बदलाव जैसे अहम निर्णय भी लिए गए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार ने इसी साल मार्च में धार्मिक नेताओं के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की थी।

# लखीमपुर: मैजिक वाहन और ट्रक की टक्कर में 10 की मौत

**लखीमपुर खीरी (ब्यूरो)।** लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र में एनएच-730 पीलीभीत-बस्ती राजमार्ग पर सोमवार सुबह मैजिक वाहन और ट्रक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऊंच गांव और भरेहटा के बीच यह हादसा सुबह करीब सात बजे हुआ। हादसे में सात पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो

- **मैजिक अगला टायर फटने के बाद ट्रक से टकराया**

गई, जबकि एक अन्य घायल को उपचार के लिए लखीमपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मैजिक वाहन लखीमपुर से नानपारा की ओर दस यात्रियों को लेकर जा रहा था, जबकि ट्रक बहराइच की तरफ से आ रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मैजिक वाहन का अगला टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी धौरहरा, एसडीएम धौरहरा, खमरिया और ईसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया।

# वीडी सतीशन केरलम के मुख्यमंत्री बने

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी।

कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। शपथ लेने के बाद जब सतीशन राहुल के पास गए, तो उन्होंने गले लगाकर बधाई दी और कान में कुछ कहा। राहुल गांधी से मिलने के बाद सतीशन खड़गे, सीएम सिद्धारमैया, सीएम रेवंत रेड्डी, वेणुगोपाल, पिनराई विजयन, सीएम सुक्खू और डीके शिवकुमार से मुलाकात की। केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन. शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम. जान, बिंदु कृष्णा, टी. सिद्दीकी, केए तुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं।



- **64 साल बाद राज्य में किसी सीएम ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली**
- **राहुल-प्रियंका गांधी मौजूद रहे**

# भारत रूस से निरंतर खरीद रहा है तेल: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि वह रूस से निरंतर तेल खरीदता रहा है और यह खरीद प्रतिबंधों से पहले, प्रतिबंधों में छूट के दौरान भी और अभी भी जारी है।

भारत ने कहा है कि देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी खरीद के समय व्यावसायिक यानी बाजार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर निर्णय लेती हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति की




- **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: अमेरिकी प्रतिबंधों से पहले भी और बाद में भी खरीद जारी**

जानकारी देने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और विभिन्न स्रोतों से खरीद के माध्यम से तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सुश्री शर्मा ने भारत की रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट के समाप्त होने के बाद वहां से तेल खरीद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारत रूस से पहले से ही तेल खरीद रहा है यानी छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी। संयुक्त सचिव ने कहा कि भारत में तेल कहां से खरीदा जाना है इसका निर्णय बाजार की स्थिति को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बराबर सुनिश्चित की जा रही है और यह छूट हो या न हो इससे प्रभावित नहीं होती। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अमेरिका ने इन प्रतिबंधों में छूट दी थी जो 16 मई को समाप्त हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### आज दो दिनी दौरे पर यूपी में आएंगे राहुल

**रायबरेली।** केरलम में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। राहुल आज सोमवार को केरल में 10 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए, इस बीच कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल कल मंगलवार को 2 दिन के दौरे पर यहां पहुंचेंगे। रायबरेली के कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी बछरावां के ठकुराइन खेड़ा में एक मैरिज हॉल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह खीरों में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, फिर वह लालगंज जाएंगे, जहां वह 'महिला संवाद' कार्यक्रम में शामिल होंगे। गंगा एक्सप्रेसवे पर दौड़ीं यूपी रोडवेज की बसें

### मात्र 839 में प्रयागराज से मेरठ की यात्रा होगी

**लखनऊ।** यूपी के यात्रियों के लिए सफर को और आसान बनाते हुए यूपी रोडवेज ने अब शानदार गंगा एक्सप्रेसवे को भी अपने रूट में शामिल कर लिया है और इस मार्ग पर सरकारी बसों का संचालन सोमवार से शुरू हो गया है। फिलहाल इस सेवा की शुरुआत प्रयागराज से मेरठ के बीच की गई है, जिसका किराया बेहद किफायती रखा गया है। इस नई बस सेवा से मेरठ, हापुड़, नोएडा व गाजियाबाद से प्रयागराज आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। बसों को सुचारू रूप से चलाने का जिम्मा प्रयागराज रीजन के लीडर रोड डिपो को सौंपा गया है। आज सुबह 10 बजे पहली बस को मेरठ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का अनोखा प्रदर्शन

## कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री आवास पहुंचे, कई बेहोश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने सोमवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मंत्री के आवास से करीब 100 मीटर पहले इकट्ठा हुए। जमीन पर कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास तक पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग सरकार की नजर में कीड़े-मकौड़े हो चुके हैं। हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इसलिए आज हम लोग कीड़ों की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास पर पहुंचे। भीषण गर्मी की वजह से कई अभ्यर्थी बेहोश हो गए। पुलिस ने उन्हें पानी पिलाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बनारस से आए कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से बस यही कहना चाहते हैं कि हम अब अपना धैर्य खो चुके हैं। हमारे अंदर बिल्कुल भी सहन शक्ति नहीं बची है। हम लोग घर से हार चुके हैं और अब सरकार से भी उम्मीद नहीं रही है। यह अंतिम फरियाद है। सुनवाई नहीं हुई तो हम सभी अभ्यर्थी सामूहिक तौर पर आत्मदाह करेंगे। एक छोटी सी खेती है, उसी से घर का खर्च चलता है। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- फसल बेचकर हम लोग लखनऊ प्रदर्शन करने आते हैं। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। सिस्टम की वजह से बेरोजगार घूम रहे हैं। हाईकोर्ट में जीतने के बाद भी हमें नौकरी नहीं मिली है। हमारी बात कोई सुनने को तैयार नहीं है। हर कोई हमारे बारे में उल्टा बोलता है। ओम प्रकाश राजभर हमारे मंत्री हैं, जिन्होंने कभी न्याय की बात नहीं की। राजभर कहते हैं कि यह 69000 शिक्षक भर्ती वाले जूता खाने के लायक हैं, यह कितना शर्मनाक बयान है। अगर नौकरी नहीं मिली तो हम लोग चंदा इकट्ठा करके ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ प्रचार करेंगे और उन्हें चुनाव हरवाएंगे। नवलेश ने बताया कि जौनपुर से आए हैं। हम मुख्यमंत्री और पिछड़ों के मंत्री अनुप्रिया पटेल से कहना चाहते हैं कि हमें न्याय दिलाइए।

# उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में प्रचंड गर्मी और लू के आसार व्यक्त किए हैं। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बांदा में लू की स्थिति दर्ज की गई।

मौसम विभाग द्वारा सोमवार को जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में बांदा, प्रयागराज, झांसी, गाजीपुर और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं बारा. बंकी, गोरखपुर, वाराणसी (बीएचयू), बहराइच, बांदा, फुर्सतगंज, मुजफ्फरनगर, मेरठ, उरई और आगरा ताज में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बुलेटिन के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में लू की स्थिति दर्ज की गई। यहां रविवार को अधि. कतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो देश भर में सबसे अधिक था,



**मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में पारा 40 से 50 डिग्री के बीच रहने का अनुमान जताया**

वहीं प्रयागराज में दिन का तापमान 44.5, झांसी में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और आगरा में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक कमिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, ललितपुर, वाराणसी, मऊ और महाराजगंज समेत कई जिलों में हीट इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## योगी कैबिनेट में 12 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी देकर बड़ा सामाजिक दांव चला है। इसके साथ ही लखनऊ मेट्रो विस्तार, स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिल गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गई। यह आयोग पंचायत स्तर पर पिछड़ों की हिस्सेदारी का अध्ययन कर ओबीसी आरक्षण का नया आधार तैयार करेगा। पांच सदस्ईय आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त



**लखनऊ मेट्रो विस्तार स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिली**

न्यायाधीश होंगे। अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल छह महीने का होगा। इस अवधि में आयोग सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पंचायत चुनाव से पहले इसे सरकार का बड़ा सामाजिक फैसला माना जा रहा है। मंत्रिमंडलट ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को मंजूरी दी। चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो कॉरिडोर के एमओयू को भी पास कर दिया गया है। इससे राजधानी के दक्षिणी हिस्से को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और यातायात व्यवस्था मजबूत होगी। योगी सरकार ने वेटरनरी छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता चार हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये महीना कर दिया। अब पशु चिकित्सा के छात्रों को 12 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। लोहिया इंस्टीट्यूट में 1010 बेड का सुपर स्पेशिएलिटी इमरजेंसी सेंटर बनेगा जबकि इसके साथ ही प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है।

### नमाज पढ़नी है, तो शिफ्ट में पढ़िए: योगी

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बकरीद के त्योहार से पहले राज्य में सड़कों पर नमाज पढ़ने के मामले को लेकर कहा है कि नमाज पढ़नी है, तो आप शिफ्ट में पढ़िए। प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे, तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। राजधानी लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ने यह बयान दिया है। सीएम ने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं साहब आपके यहां यूपी में क्या सड़कों पर सचमुच नमाज नहीं होती? मैं कहता हूं कतई नहीं होती है। आप जाकर देख लो नहीं होती है। सड़कें चलने के लिए हैं या कोई भी व्यक्ति आकर के चौराहे पर आकर तमाशा बना देगा, क्या अधिकार है उसको सड़क रोकने का? आवागमन बाधित करने का कौन सा अधिकार है? जहां उसका स्थल होगा वहां जाकर करे। सीएम योगी ने आगे कहा कि उन लोगों ने मुझसे कहा साहब कैसे होगा? हमारी संख्या ज्यादा है। हमने कहा शिफ्ट में कर लो, तुम्हारे घर में रहने की जगह नहीं है, तो भाई संख्या नियंत्रित कर लो, और नहीं है सामर्थ्य, क्यों बेकार आगे संख्या बढ़ाई जा रही है और यह चाहिए आपको कि अगर आपको सिस्टम के साथ रहना है, तो याद करना हम उन नियम और कानून को मानना शुरू करें।

यूपी जन्म-मृत्यु पंजीकरण नियमावली 2026 लागू होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में आगरा मेट्रो कॉरिडोर-2 के लिए भूमि हस्तांतरण और स्टेशन-वायाडक्ट निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

# प. बंगाल में हिंसा पर भड़कीं बसपा सुप्रीमो मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद जारी हिंसा को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को धर्मनिरपेक्षता और संविधान की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा- सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे। भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मो के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और



मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव उपरांत हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए। ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75315.04
निफ्टी 23649.95

सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 266000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में बिकवाली हावी

## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में बाद में हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 77.05 अंक (0.10 प्रतिशत) बढ़कर 75,315.04 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी लगभग पूरे दिन लाल निशान में रहने के बाद 6.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत ऊपर 23,649.95 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपये में जारी नरमी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी से बाजार में निवेश धारणा कमजोर है। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 58 पैसे टूटकर 96.39 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं कच्चा तेल एक प्रतिशत चढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 430 अंक की गिरावट में खुला और सुबह के समय ही 1,057 अंक टूटकर 74,180.26 अंक तक उतर गया था। हालांकि



आखिर आधे घंटे में हुई लिवाली से सूचकांक में तेजी लौट आई। वृहत बाजार में बिकवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.26 प्रतिशत गिर गया। इस बीच, आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी रही और इसका सूचकांक 2.43 प्रतिशत चढ़ा। फार्मा, स्वास्थ्य और निजी बैंकों के समूहों में भी बढ़त रही। सार्वजनिक बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही। संसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत और इंफोसिस का दो प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में बंद हुआ। भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक चढ़े।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लेवल पर सोने की कीमत में आ रही गिरावट का असर भारतीय सर्राफा बाजार में भी देखने को मिल रहा है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 18 मई को घरेलू बाजार में सोना-चांदी के दाम गिरे हैं। हालांकि 24 कैरेट गोल्ड का रेट अभी भी 1 लाख 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है। वहीं चांदी की कीमत भी अब गिरावट के साथ 2 लाख 66 हजार रुपये प्रति किलो तक आ गई है। सोना 2026 में अब तक 24 हजार रुपए और चांदी 37 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.58 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.67 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# चावल, गेहूं में तेजी, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गई। चीनी में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 35 रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,777 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 55 रुपये और मसूर दाल की 52 रुपये प्रति क्विंटल



बढ़ गई। वहीं मूंग दाल 39 रुपये और उड़द दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 96 रिंगिट चढ़कर 4,533 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 75.15 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये और सूरजमुखी तेल 10 रुपये महंगा हुआ। वहीं सोया तेल 47 रुपये और सरसों तेल 21 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति 20 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी नौ रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7669.53 रुपये, मसूर काली 8132.17 रुपये, मूंग दाल 10147.02 रुपये, उड़द दाल 10830.41 रुपये, तुअर दाल 11254.88 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सहारनपुर में गर्मी से बढ़ी मिट्टी के बर्तनों की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर और आस-पास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पारंपरिक मिट्टी के घड़ों और सुराहियों की मांग में भारी उछाल आया है।

आधुनिक रेफ्रिजरेटरों के युग में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों में 'गरीबों के फ्रिज' कहे जाने वाले इन मिट्टी के बर्तनों का आकर्षण सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बार बाजार में पारंपरिक गोल घड़ों के अलावा विशेष रूप से तैयार की गई सुराहीदार बोतलें और टोंटी वाले घड़े (टैप मटका) ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं। जिले के कुम्हारों (मृत्तिका शिल्पियों) ने बदलते समय के साथ अपने उत्पादों में आधुनिक बदलाव किए हैं, जिससे इनकी मांग शहरी इलाकों में भी तेजी से बढ़ी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है मिट्टी के इस बढ़ते कारोबार से स्थानीय चाक शिल्पियों के चेहरे खिले हुए हैं। हालांकि कुम्हारों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें मिट्टी खनन के लिए सुलभ स्थान और आधुनिक टूल-किट उपलब्ध कराए जाएं, ताकि इस पारंपरिक कुटीर उद्योग को और बढ़ावा मिल सके और सहारनपुर की यह अनूठी कला जीवित रह सके। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मिट्टी के बर्तनों के दाम में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण उपयुक्त मिट्टी की कमी, परिवहन लागत में बढ़ोतरी और ईंधन (भट्ठी सुलगाने की सामग्री) के दामों में हुआ इजाफा है। इसके बावजूद, सहारनपुर के कोर्ट रोड, अंबाला रोड और चिलकाना क्षेत्र के बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है।

# चुनाव बाद महंगाई बढ़ाकर गरीबों को चोट पहुंचाते हैं पीएम मोदी: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव तक महंगाई और कीमतों से जुड़ी वास्तविक स्थिति छिपाते हैं और चुनाव खत्म होते ही गरीबों को नुकसान पहुंचाने वाले फैसले लेते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है और इसका सबसे अधिक खामियाजा देश के गरीब तथा आम लोगों को झेलना पड़ रहा है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाते तो भाजपा को इसका बड़ा



राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता। इसी कारण सरकार ने चुनाव तक सभी बातों को देश से छिपाकर रखा लेकिन चुनाव समाप्त होते ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार और मोदी में दूरदर्शिता की कमी है और उनकी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे गरीबों को वे जरूरी चीजें भी नहीं मिल पा रही हैं, जिनके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी।

### खड़गे ने परमाणु परीक्षण की 52वीं वर्षगांठ पर इंदिरा गांधी को याद कर किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत के पहले परमाणु परीक्षण 'स्माइलिग बुद्धा' की 52वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साहसिक, सशक्त और दूरदर्शी निर्णय को याद करते हुए कहा है कि इंदिरा गांधी के इसी ऐतिहासिक फैसले ने देश को आत्मनिर्भरता, रणनीतिक क्षमता और राजनीतिक मजबूती की दिशा में आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया था। खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 52 वर्ष पहले भारत ने 'स्माइलिग बुद्धा' कोड नाम से अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था।

### पेपर लीक से युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़: सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नीट 2026 पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश का परीक्षा तंत्र पूरी तरह से शिक्षा माफिया के सामने समर्पण कर चुका है और मेधावी छात्रों के भविष्य की 'सरेआम नीलामी' हो रही है। सुरजेवाला ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले एक दशक में कई बड़े परीक्षा घोटाले सामने आए हैं, जिनमें 2013 का व्यापम घोटाला, 2018 एसएससी घोटाला, 2021 यूपी -टेट घोटाला, रीट घोटाला, 2022 बीपीएससी घोटाला और 2024 यूजीसी -नीट घोटाला शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने साबित कर दिया है कि पेपर लीक अब केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि व्यवस्था का 'नया सामान्य स्वरूप' बन चुका है।

# बांदा को साजिश की तहत खत्म कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांदा में कथित अवैध खनन को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। 'बांदावासियों' के नाम जारी एक भावुक अपील में उन्होंने कहा कि निर्मम उत्खनन के कारण बांदा को साजिशन खत्म किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर शोषण-दोहन यूं ही जारी रहा, तो एक दिन दुनिया कहेगी: एक था बांदा।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज की धन लोभी भाजपा सरकार और उनके पालित-पोषित लालची ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे उत्खनन से बांदा मिटाया जा रहा है और दूसरी जगहों को बसाया जा रहा है। इस 'प्राकृतिक उत्पीड़न' के कारण स्थानीय पैदावार चक्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सपा प्रमुख ने कहा कि काम-कारोबार की कमी से लोग पलायन कर रहे



हैं। इससे बांदा 'प्राकृतिक पलायन' का शिकार हो रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बांदा की हर संपत्ति का मूल्य घट रहा है और मान भी। सपा प्रमुख ने बांदा के प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहासिक गौरव और पर्यटन को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक, पत्रकार, पर्यावरण संरक्षक, छात्र-युवा संगठन, महिला शक्ति, सांस्कृतिक- साहित्यिक आंदोलनकारी व सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हस्तियां, क्लब और सोसाइटियां राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हों। अखिलेश ने चेताया कि अगर अभी सक्रिय नहीं हुए तो पर्यावरण के नक्शे पर बांदा कहीं नहीं दिखेगा।

### मुंह में कपड़ा ठूंसकर उतारा मौत के घाट, जमीन व गोद लेने के विवाद में कत्ल की आशंका

# हाथ–पैर बांधकर महिला की निर्मम हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव पौरारा में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव में अकेली रह रही एक महिला का शव उसके ही मकान के अंदर संदिग्ध हालात में मिला। महिला के हाथ–पैर रस्सी से बंधे हुए थे, मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था और गले पर दबाव के गहरे निशान दिखाई दे रहे थे। कमरे का मंजर इतना भयावह था कि जिसने भी देखा उसकी रूह कांप उठी। शुरुआती जांच में गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मृतका के ममेरे भाई की तहरीर पर भतीजे समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

घटना गांव पौरारा की है। यहां 40 वर्षीय जावित्री लंबे समय से अकेली रह रही थी। सोमवार सुबह पड़ोस में रहने वाली रानी रोजाना की तरह दूध देने उसके घर पहुंची। काफी देर तक



दरवाजा खटखटाने और आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई हलचल नहीं हुई तो उसे अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाया गया। कुछ ग्रामीण छत के रास्ते घर के अंदर पहुंचे तो चारपाई के पास जावित्री का शव पड़ा देख उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही रहरा थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जब कमरे का





निरीक्षण किया तो महिला के हाथ–पैर बंधे मिले। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। पास ही टूटी हुई गुल्लक भी पड़ी मिली, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद घर में रखे रुपये भी निकाले गए। महिला के शरीर पर चोट और संघर्ष के कई निशान मिले हैं। पुलिस का मानना है कि हत्या से पहले जावित्री ने खुद को बचाने की काफी कोशिश की होगी। इस निर्मम हत्या ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। गांव में हर किसी की जुबान पर बस एक ही सवाल है- आखिर अकेली जिंदगी जी रही जावित्री का कसूर क्या था?

#### पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**रहरा।** घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट, एसओजी टीम और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल्स भी खंगाल रही है।

#### पारिवारिक विवादों में उलझी रही जावित्री की जिंदगी

**रहरा।** जांच में सामने आया कि जावित्री का जीवन लंबे समय से पारिवा. रिक विवादों में घिरा हुआ था। उसका पहला विवाह गंगेश्वरी क्षेत्र निवासी देवदत्त से हुआ था, लेकिन संतान न होने के कारण रिश्ता टूट गया। बाद में उसकी दूसरी शादी बुलंदशहर के खुर्जा निवासी कन्हैया से हुई, मगर वहां भी उसका दांपत्य जीवन सफल नहीं हो पाया। इसके बाद माता–पिता उसे गांव वापस ले आए और अलग मकान बनवाकर रहने की व्यवस्था कर दी।

#### पांच बीघा जमीन बनी विवाद की वजह

**रहरा।** मृतका के पिता कल्याण सिंह सरकारी शिक्षक थे और करीब दस वर्ष पहले पथरा प्राइमरी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने बेटी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पांच बीघा जमीन उसके नाम कर दी थी। बताया जा रहा है कि इसी जमीन को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। जावित्री के भाइयों को यह बात पसंद नहीं थी और कई बार परिवार में कहासुनी भी हुई थी।

#### गोद लेने को लेकर चल रहा था तनाव

**रहरा।** करीब एक वर्ष पहले पिता और आठ माह पहले मां चंद्रवती की मौत के बाद जावित्री पूरी तरह अकेली पड़ गई थी। उसने पहले अपने छोटे भाई टेकचंद की बेटी शिवानी को गोद लिया था, लेकिन विवाद बढ़ने पर बच्ची को वापस ले लिया गया। इसके बाद उसने अपने ममेरे भाई राकेश के बेटे को गोद ले लिया। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर परिवार में तनाव और बढ़ गया था।

#### भतीजे पर हत्या कराने का आरोप

**रहरा।** मृतका के ममेरे भाई राकेश ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि जावित्री का भतीजा हिमांशु पुत्र टेकचंद इस बात से रंजिश रखता था कि उसने राकेश के बेटे को गोद लिया था। आरोप है कि हिमांशु ने अपने एक साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद की सजा

### साक्ष्य अभाव में सास–ससुर व जेठ बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कोर्ट ने पत्नी की गला दबाकर हत्या करने में पति को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, साक्ष्यों के अभाव में सास, ससुर और जेठ को बरी कर दिया गया। अदालत ने सुनवाई के दौरान साफ कहा कि महिला की मौत छत से गिरने से नहीं, बल्कि गला दबाकर हत्या किए जाने से हुई थी।

वारदात सैदनगली क्षेत्र क्षेत्र से जुड़ी थी। संभल जिले के गांव सेवड़ा जसरत नंगला निवासी किसान राजवीर सिंह ने अपनी बेटी गुड्डी की शादी सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव दामपढ़ी बड़ी निवासी नौरंग के साथ की थी। शादी के बाद से ही गुड्डी के साथ ससुराल वालों का रवैय्या ठीक नहीं रहा। पति द्वारा उस पर मायके से भैंस और 50 हजार रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। घटना 8 अगस्त 2018 की रात करीब नौ बजे की थी। ससुराल वालों ने गुड्डी के भाई को फोन कर बताया कि अचानक पर उसकी तबीयत खराब हो गई है। ये बात सुनकर जब मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो गुड्डी का शव घर के बरामदे में पड़ा हुआ था। उसके गले पर दबाने के निशान थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मामले में पति नौरंग, सास रामवती, ससुर रामचंद्र और जेठ नंदराम के खिलाफ हत्या की मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था, जिन्हें बाद में अदालत से जमानत मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई जिला जज की अदालत में विचाराधीन थी। अघभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी जिला शासकीय अघधिवक्ता पैरवी कर रहे थे। ट्रायल के दौरान आरोपी पक्ष की ओर से दावा किया गया कि महिला की मौत छत से गिरने के कारण हुई है। इस मामले में कई गवाह भी अपने बयानों से मुकर गए, जिन्हें अदालत ने पक्षद्रोही घोषित किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि गुड्डी की मौत छत से गिरने से नहीं, बल्कि उसकी हत्या गला दबाकर की गई थी। अदालत ने सोमवार को मुकदमे में अंतिम सुनवाई की। पत्रावली व साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन किया। जिनके आधार पर पति नौरंग को दोषी करार दिया। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। वहीं, साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने सास रामवती, ससुर रामचंद्र और जेठ नंदराम को बरी कर दिया।

# हादसे में घायल युवक हार गया जिंदगी की जंग

### मसूरी जाने का सफर बना आखिरी सफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिजनौर जिले में हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक अपने साथी के साथ बुलेट बाइक से मसूरी जा रहा था, तभी रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद से दोनों का अलग–अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा था। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

यह हादसा बीते सप्ताह बिजनौर जिले में हुआ था। शहर के मोहल्ला बटवाल निवासी सुल्तान मंसूरी व बाजार रज्जाक फैसल बुलेट पर सवार होकर मसूरी जा रहे थे। नहटौर में उनकी बाइक को रोडवेज बस ने टक्कर मर दी थी। बिजनौर पुलिस ने दोनों घायलों को बिजनौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से परिजन फैसल



**■ मौत से परिजनों में मचा कोहराम, दूसरे युवक की हालत में सुधार**

को मेरठ के निजी अस्पताल ले गए थे वहीं सुल्तान मंसूरी का उपचार पाकबड़ा के मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। रविवार रात उपचार के दौरान फैसल की मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# किसान के बेटे का अपहरण कर मांगी पांच लाख की फिरौती

### पुलिस की घेराबंदी में फंसे अपहरणकर्ता, गोली लगने से हुए घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फोन कॉल के बाद घर से निकले किसान के बेटे का बदमाशों ने अपहरण कर लिया और पांच लाख रुपये की फिरौती मांग डाली। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और परि. जनों के साथ मिलकर जाल बिछाया। देर रात जंगल में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए जबकि एक को दबोच लिया गया। पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया।

जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मुस्तफापुर नवादा में किसान अमर सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे दीपांशु के पास शनिवार शाम किसी व्यक्ति की कॉल आई थी। जिसके बाद दीपांशु उससे मिलने के लिए रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी चला गया था। उसके साथ में रिश्ते का भतीजा अनुज भी था। दोनों एचपी गैस के गोदाम के पास स्टार गेस्ट हाउस में बैठे हुए थे। यहां से बोलरो में सवार होकर आए कुछ लोगों ने दीपांशु का अपहरण कर लिया। इसके बाद अपहरणकर्ताओं ने दीपांशु के नंबर से ही अनुज को फोन किया और पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। शाम ढलते ही अपहरण की सूचना मिलने पर पुलिस संग परि. जनों में हड़कंप मच गया। मामले में अनुज की

**■ रातभर चला सर्च ऑपरेशन, मुठभेड़ में दो बदमाश घायल,**
**■ युवक सकुशल बरामद**

तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपियों की छानबीन शुरू कर दी लेकिन पूरी रात गुजरने के बाद भी अपहरणकर्ताओं का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद रविवार सुबह में अनुज के पास दोबारा कॉल आई तथा बदमाशों ने फिरौती की रकम पांच के बदले चार लाख रुपये मांगी। पुलिस के कहने पर परिजनों ने बदमाशों को फिरौती की रकम देने के लिए रजबपुर क्षेत्र में बुला लिया। जहां पहले से तैयार पुलिस ने बदमाशों की घेरा. बंदी कर ली। रात लगभग 11 बजे कालाखेड़ा के जंगल में खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें टांग में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए तथा तीसरे को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। जबकि उनका चौथा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने बदमाशों की गाड़ी से अपहृत दीपांशु को सकुशल बरामद कर लिया। गोली लगने से घायल बदमाशों की शिनाख्त विजेंद्र सिंह प्रजा. पति निवासी ग्राम मानकपुर थाना धनारी तथा धर्मेंद्र निवासी ग्राम खेड़ा खास थाना बनियाठेर जिला संभल के रूप में हुई है। पकड़ा गया तीसरा बदमाश योगेश पाल उर्फ रवि निवासी ग्राम सरथल थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद तथा फरार बदमाश झम्मन निवासी ग्राम अकबरपुर थाना गुन्नौर जनपद संभल है। एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर ली गई है। पूछताछ के बाद तीनों बदमाशों का चालान कर दिया गया है। फरार बदमाश की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### वालीवाल के दौरान मारपीट, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के शेखूपुर माफी गांव में वालीबाल खेल के दौरान हुए विवाद में एक युवक घायल हो गया। गांव स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर शनिवार शाम गांव के युवा वालीबाल खेल रहे थे। उसी दौरान गांव निवासी मुहम्मद समी, हसनैन और उसके पिता फारूक भी वहां मौजूद थे।बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गईद्य जो देखते ही देखते गाली–गलौज और मारपीट में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच–बचाव का प्रयास कियाद्यलेकिन आरोप है कि हसनैन और उसके पिता फारूक ने मुहम्मद समी के सिर पर लाठी–डंडों से हमला कर दियाद्य जिससे वह लहूलुहान हो गया।घायल मुहम्मद समी ने थाने पहुंचकर आरोपी पिता–पुत्र के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जोया सीएचसी भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला जैन मिन की सीमा अध्यक्ष व बीना बनी मंत्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** महिला जैन मिलन की सीमा जैन अध्यक्ष व डॉ. बीना शर्मा को मंत्री चुना गया। मोहल्ला कोट स्थित जैन अतिथि भवन में महिला जैन मिलन की बैठक हुई। सभी ने भगवान महावीर के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लेते सामूहिक पूजा अर्चना की। चुनाव में सर्वसम्मति से सीमा जैन को अध्यक्ष, डॉ.बीना शाह शर्मा को मंत्री और नीना जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। समाज की महिलाओं ने नई कार्यकारणी को बधाई देते समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हमें रात्रि भोजन का त्याग कर देना चाहिए। बीना शर्मा ने कहा कि जैन धर्म का आधारभूत बिंदु अहिंसा, कर्मफल, और मोक्ष है। जो आत्मा को सां. सारिक बंधनों से मुक्त कर शुद्धतम स्वरूप पाने का मार्ग दिखाते है। इस अवसर पर ऊषा सेठी, सुमन, बीना पहाड़िया, सरिता, दीपाली जैन, अंजू, वीना, पूजा, शिवानी, छवि जैन, नीरा व अर्चना जैन मौजूद रही।

### द आर्यन्स में पूल पार्टी में बच्चों ने की मस्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** द आर्यंस स्कूल में पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन वातावरण में मनोरंजन, आत्मविश्वास तथा सामूहिक सहभागिता का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आदेश सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को जल सुरक्षा एवं अनुशासन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। पूल पार्टी के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न वाटर गेम्स, म्यूजिकल एक्टिविटीज एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर भाग लिया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह एवं प्रसन्नता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह तथा अनिल कुमार सिंह निदेशक अमन लिट्टू और गौरव चौधरी ने सयुंक्त रूप से आज के वातावरण में स्वस्थ रहने व मनोरंजन के लिए आवश्यक क्रिया बताते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया स इस कार्यक्रम के संचालन में चांदनी बत्रा, प्रियांशु तोशी शिवानी गुप्ता एवं नाहिद रहमान ने सहयोग किया।

### स्कूटी फिसलने से ईएमटी चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली जोया सरकारी स्वास्थ्य केंद्र की 108 एंबुलेंस सेवा में तैनात ईएमटी अजय यादव सोमवार सुबह ड्यूटी के लिए स्कूटी से जोया जा रहे थे। बताया गया कि बुढ़नपुर के पास उनकी स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में वह सड़क पर गिरकर मामूली रूप से चोटिल हो गए घायल हो गए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में प्राथमिक उपचार के बाद डियूटी पर चले गए।

# गंगा में डूबे किशोर का शव मिला, युवक अब भी लापता

### एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने संयुक्त रूप से चलाया सर्च अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थानों पर पानी में डूबे युवकों को लेकर सोमवार को दिनभर राहत एवं बचाव अभियान चलता रहा। गंगा नदी में डूबे 16 वर्षीय किशोर का शव बरामद कर लिया गया, जबकि रामगंगा पोषक नहर में बह गए युवक की तलाश देर शाम तक जारी रही।

गांव मौहसनपुर उर्फ देवीपुरा निवासी मोनू पुत्र नरेश शनिवार को सिपिया घाट पर गंगा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन ने बरेली से एसडीआरएफ की टीम बुलवाई। टीम कमांडर मनीष कुमार के नेतृत्व में चले सर्च अभियान के दौरान सोमवार को किशोर का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं शाहपुर रझेड़ा गांव निवासी ताशाब मलिक पुत्र जसरूद्दीन रविवार को रामगंगा पोषक नहर में नहाते समय तेज बहाव में बह गया था। युवक की तलाश के लिए



सोमवार को एनडीआरएफ गाजियाबाद की 30 सदस्यीय टीम और एसडीआरएफ बरेली की टीम मौके पर पहुंची। टीम कमांडर पूजा वर्मा के नेतृत्व में चार रबर मोटर बोट के जरिए नहर में सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। एसडीएम शैलेष कुमार दुबे ने बताया कि प्रशासन की ओर से लगातार राहत एवं बचाव कार्य कराया जा रहा है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें युवक की तलाश में लगी हैं। शव मिलने के बाद शासनाद. ेश के अनुसार पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने की कार्रवाई भी कराई जाएगी।

# काशीपुर जा रहे युवक की हादसे में मौत, पत्नी घायल

### हादसे में बुझ गया घर का इकलौते चिराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शादी की खुशियां अभी घर से विदा भी नहीं हुई थीं कि सड़क हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। काशीपुर जा रहे नवविवाहित दंपती की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा अपरौला में रामौतार सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी संतोष देवी, दो बेटी व इकलौता बेटा शिवम हैं। शिवम की शादी दो महीना पहले ही काशीपुर निवासी पारूल के साथ हुई थी। रविवार को शिवम व पारूल

**■ दो माह पहले हुई थी शादी, काशीपुर जाते समय हुआ हादसा**

बाइक पर सवार होकर काशीपुर जा रहे थे जब उनकी बाइक ठाकुरद्वारा में पहुंची तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शिवम की मौके पर मौत हो गई तथा पारूल घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव को घर ले आए तथा अंतिम संस्कार कर दिया। घायल पारूल का उपचार नौगावां सादाता के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है।

# पेड़ से टकरायी बाइक, सफाई कर्मी की मौत

### गजरौला मार्ग पर मनौटा के समीप हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गजरौला मार्ग पर मनौटा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा जाने के कारण 40 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया निवासी विनोद (40 वर्ष), पुत्र जयप्रकाश वाल्मीक, देर रात बाइक पर सवार होकर हसनपुर से वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गजरौला मार्ग पर स्थित मनौटा गांव के समीप पहुंची, अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि विनोद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परि. जनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक विनोद पेशे से सफाई कर्मी था और मेहनत–मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करता था। उसके परिवार में एक 5 साल का मासूम बेटा और पत्नी है। हादसे की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर तुरंत पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल राजेश तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है और पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही कर रही है।

# सैदनगली में पुलिस मुठभेड़, तीन पशु चोर गिरफ्तार

### फायरिंग में सिपाही व बदमाश घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ के बाद 14 मुक. दमों में वांछित शातिर समेत तीन पशु चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बदमाशों की फायरिंग में कांस्टेबल रोहित कुमार घायल हो गए, जबकि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगी।

थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस टीम के साथ सकतपुर तिराहे पर चेकि. कंग कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि चोरी की तीन भैंसों को छोटा हाथी वाहन में ले जाया जा रहा है। पुलिस ने हुसैनपुर पुलिया के पास घेराबंदी की। वाहन रोकने का प्रयास करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए



तीनों आरोपियों को दबोच लिया। घायल बदमाश की पहचान फूलकुंवर निवासी उझारी के रूप में हुई, जिस पर 14 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके साथ लुकमान और दानिश कुरैशी निवासी रहरा को गिरफ्तार किया गया। दानिश पर भी 18 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से चोरी की तीन भैंसें, तमंचा, कारतूस और छोटा हाथी वाहन बरामद किया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### किशोरी को भगा ले जाने में तीन पर मुकदमा

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 17 वर्षीय पुत्री शनिवार को घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव की तसलीम जहां अपने पुत्रों शाने आलम और अरमान के साथ किशोरी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गई। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका।पीड़ित पिता रविवार को थाने पहुंचे और आरो. पितों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तसलीम जहां, शाने आलम और अरमान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# किसान की बेटी से रेप का प्रयास

## आरोपी की मां व पत्नी पर भी मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नौगांवा सादात।** किसान की बेटी को घर में अकेला देखकर पड़ौसी युवक अपने साथी को लेकर घुस गया तथा जबरन उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध पर उसके साथ उसकी पिटाई कर कपड़े फाड़ दिये तथा अश्लील वीडियो भी रिकार्ड कर ली। शिकायत पर आरोपी की मां व पत्नी ने पीड़िता की बहन को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां एक किसान का परिवार रहता है। रविवार रात लगभग आठ बजे किसान की बेटी घर में अकेली थी। उसका आरोप है कि उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला अनुज अपने एक साथी को लेकर घर में घुस आया। अकेला देख उसने बुरी नीयत से दबोच लिया तथा विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद आरोपी मुंह दबाकर उसे खींचते हुए कमरे में ले गया और चारपाई पर गिराकर दुष्कर्म का प्रयास किया। चीखने पर दुपट्टे से गला कसकर जान से मारने की धमकी दी, आरोपी के साथ में आए युवक ने मोबाइल से उसका अश्लीलील वीडियो बना लिया। आसपास रहने वाले लोगों के आता हुआ देख आरोपी किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने घर लौटी बहन को आपबीती बता दी। इसके बाद जब वह आरोपी के घर शिकायत लेकर पहुंची तो उसकी मां मुनेश व पत्नी राखी ने उल्टा गालियां दीं तथा मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी समेत उसके अज्ञात साथी के अलावा मां व पत्नी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# मानदेय न मिलने पर एनएचएम कर्मियों का फूटा गुस्सा

## सीएचसी में काली पट्टी बांधकर किया कार्य, 21 से कार्य बहिष्कार की धमी





**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को मार्च एवं अप्रैल 2026 का मानदेय अभी तक भी नहीं मिलने से उनके समक्ष आजीविका चलाने को लेकर भी संकट उत्पन्न हो रहा है। सोमवार को कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सीएचसी में एकत्र होकर मानदेय की मांग की और बांह पर काली पट्टी भी बांधी। मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन भी भेजा। 20 तक मानदेय नहीं मिलने की स्थिति में 21 मई से कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों को दो माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारी मानदेय के अभाव में स्कूलों में अपने बच्चों का शुल्क भी जमा नहीं करा सके हैं और न ही पुस्तकें आदि खरीद सके हैं। पैसे के अभाव में दैनिक जीवन की आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो रही हैं। कहा कि 20 तक मानदेय नहीं मिला तो 21 मई से कार्य बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सैनी, मयंक वर्मा, रश्मि चौहान, प्रीति रानी, नवनीत कुमार, महेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, डॉ.गरिमा, डॉ.मोहित त्यागी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने सोमवार को वेतन न मिलने के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

हालांकि विरोध के बावजूद कर्मचारियों ने मरीजों की सुविधा को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाएं जारी रखीं। सभी कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद रहे और काम करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने बताया कि तीन दिन तक काली पट्टी बांधकर विरोध किया जाएगा। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 20 मई से सीएचसी परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। डॉ. मोहित बिश्नोई ने बताया कि वेतन न मिलने से बच्चों की फीस जमा करना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद सभी कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ मरीजों की सेवा कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान डॉ. मोहम्मद परवेज, डॉ. सीमा गौरव, डॉ. शिरीन परवीन, डॉ. कुलदीप शर्मा, मोहित कुमार बिश्नोई, दीपा यादव, प्रशांत कुमार, सुनील कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार, मुस्कान कटियार आदि मौजूद रहे।

# कार व पांच लाख न मिलने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

## पति समेत सात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** दहेज में कार व पांच लाख की डिमांड पूरी न होने पर पति ने तीन तलाक देकर पत्नी से रिश्ता तोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता हिना निवासी आदमपुर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी शादी वर्ष 2024 में अलीगढ़ निवासी शान मोहम्मद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य से बढ़कर नगदी, बाइक, सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू सामान दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और विवाहिता पर पांच लाख रुपये नकद व चार पहिया वाहन लाने का दबाव बनाने लगे। तहरीर के अनुसार मांग पूरी न होने पर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि सितंबर 2025 में उसे घर से निकाल दिया गया था। बाद में पति ने कथित रूप से तीन बार तलाक बोलकर उसे घर में रखने से इनकार कर दिया।मामले में पति, सास, ससुर, जेठ, देवर, ननद और ननदोई समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### किसानों की समस्याओं को भाकियू भानू ने भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी उपेंद्र सिंह त्रिवेदी को सौंपा। ज्ञापन जिला अध्यक्ष चमन सिंह चौहान के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में किसानों की फसलों की उचित खरीद सुनिश्चित कराने, आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने, गांवों में सड़क निर्माण कराने तथा बिजली कटौती की समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई गई। प्रदेश महासचिव ठाकुर पोपाल सिंह ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (भानु) किसानों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान राहुल गुप्ता, अर्जुन चौहान, गुरजिंदर कौर, डॉ. होतेराम सैनी, पूजा चौधरी, अजय पाल सिंह कटारिया, सत्यपाल सिंह, लोकेश चौहान, सुमित त्यागी आदि मौजूद रहे।

### हार्टअटैक से किराना व्यापारी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** किराना व्यापारी की हार्ट अटैक से मौत होने के कारण परिवार में कोहराम मच गया। गमजदा माहौल में व्यापारी के शव का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर निवासी अर्पित अग्रवाल पुत्र प्रदीप अग्रवाल की रहरा रोड पर किराना की दुकान है। सोमवार की सुबह किराना व्यापारी अर्पित अग्रवाल अपने घर पर थे। इस दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आ गया। परिजन तब तक चिकित्सक के पास लेकर उन्हें जाते तब तक उनकी मौत हो गई। किराना व्यापारी की मौत की खबर सुनते ही उनके आवास पर रिश्तेदारों एवं मिलने वालों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। किराना व्यापारी की मौत से परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल था। गमजदा माहौल में किराना व्यापारी के शव का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पड़ौसी को पीटने में सगे भाईयों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के हरियाना गांव में मामूली विवाद को लेकर पड़ोसियों के बीच मारपीट हो गई। गांव निवासी अजमल का आरोप है कि शनिवार को किसी बात को लेकर पड़ोसी मोहम्मद शान और जैद के साथ कहासुनी शुरू हो गईद्य जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।अजमल ने बताया कि जब उसकी बहन फायजा उसे बचाने पहुंची तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की।शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचेद्य जिन्हें आता देख दोनों आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ित की तहरीर के आधार पर डिडौली पुलिस ने गांव निवासी सगे भाई मोहम्मद शान और जैद के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# यूरिया खाद के बैग की संख्या बढ़ाने की मांग

## भाकियू ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन ने यूरिया खाद के बैग की संख्या बढ़ाने और चारागाह भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग को कलेक्ट्रेट मे धरना दिया।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में एडीएम गरिमा सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों की मांग है कि एक हेक्टेयर पर यूरिया के सात बैग मिलते है जो नाकाफी है उनकी संख्या बढ़ाकर 16 की जाए। गंगेश्वरी ब्लॉक में चारागाह की भूमि दबंगों से मुक्त करा गौशालाओं के लिए चारे की व्यवस्था हो। निजी स्कूलों में फीस, ड्रेस, किताबों के नाम पर हो रही अवैध वसूली बंद हो। जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया शुरू है उसको पूर्ण कराया जाए और जनपद में जलनिगम द्वारा शेष कार्य पूर्ण किए जाए। चेतावनी दी अगर मांगो का समाधान जल्द नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों मे सुभाष चीमा, मुक. ेश चौधरी, मोहन बेनीवाल, सौवीर सिंह, हीरा लाल, वचन सिंह, भूपेंद्र, शिवम, रामपाल सिंह, नरेंद्र, राजेंद्र, हर्षित आदि मौजूद रहे।

# फाल्ट और केबिल जलने से बिजली आपूर्ति प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ रही है, वहीं लोड के चलते कुछ स्थानों पर फाल्ट भी हो रहे हैं। बीती रात कई स्थानों पर फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुयी, हालाँकि बिजली कर्मियों ने प्रयास करके फाल्ट और अन्य कमियों को दूर करके आपूर्ति सुचारु कराई। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ जाती है, क्यूंकि गर्मी में एसी, कूलर और पंखों का अधिकाधिक प्रयोग होता है। हालांकि इस बार गजरौला बिजली विभाग द्वारा बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए पहले से ही सजगता दिखाई थी। कई स्थानों पर अभियान चलकर जर्जर तार भी बदले थे। लेकिन चूँकि गर्मी काफी ज्यादा है, ऐसे में बिजली की मांग काफी बढ़ रही है। बीती रात नगर की मंडी समिति रोड, लक्ष्मी नगर, एमडीए कॉलोनी, इंदिरा चौक आदि पर फाल्ट के कारण विद्युतापूर्ति बाधित रही। बिजली कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कमियों को ठीक करके बिजली की आपूर्ति कराई। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने बताया कि कुछ स्थानों पर फाल्ट आदि के कारण विद्युतापूर्ति बाधित हुयी थी, सूचना मिलते ही बिजली कर्मियों ने कमियों को ठीक करके आपूर्ति शुरू कराई।

# गंगा में मछली पकड़ रहा एक भाई गिरफ्तार, दूसरा फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** गंगा नदी में मछली पकड़ रहे दो भाइयों में से एक को वन विभाग की टीम से पकड़ लिया जबकि दूसरा भाई विभागीय टीम से गाली गलौच करते हुए नदी में तैरकर दूसरी पार चला गया। मौके से एक कुंतल मछली, जाल आदि बरामद हुए हैं। पुलिस ने वन दरोगा की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार रविवार में वन दरोगा संतोष कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ व्यक्तियों द्वारा तिगरी में बाढ़ खण्ड की चौकी के पीछे गंगा नदी में मछली का शिक. ार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन दरोगा अपने हमराह दीन दयाल यादव के साथ मौके पर पहुंचे तो तो एक आरोपी तो वन विभाग की टीम

**■ वन विभाग ने की छापेमारी, मुकदमा दर्ज**

को गाली गलौच व जानसे मारने की धमकी देते हुये गंगा नदी में कूदकर तैरता हुआ, जबकि दूसरे को घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित कुमार पुत्र शिवसाहनी निवासी ग्राम सिहाली मेव मुस्तकम थाना गजरौला बताया, जबकि भागने वाला आरोपी उसका ही भाई रोशन साहनी था। मौके से 01 मछली पकड़ने वाला जाल व 18 डिब्बे चाल मछली (मृत)लगभग वजन लगभग 01 कुन्तल व 02 मृत मछली बैकड़ी मिली। वन दरोगा संतोष कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ओपीएस स्कूल के सचिव बने नीसा के कोषाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** हिमाचल प्रदेश के पोंटा साहिब में आयोजित नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स एलायंस के राष्ट्रीय चुनाव में नगर में स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल के सचिव डॉ.पराग पंडित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्हें मिली इस उपलब्धि से क्षेत्र के शिक्षा जगत में खुशी एवं गौरव का वातावरण है।

**■ विद्यालय व शिक्षा जगत में उल्लास**



डॉ.पराग पंडित ने बताया कि इस चुनाव में विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों एवं विद्यालय प्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। डॉ. कुलभूषण शर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा के.तुलसी विष्णु प्रसाद को राष्ट्रीय सचिव, डॉ. जेएस परांज्योति को वीपी एडवोकेसी, डॉ.अनिरुद्ध गुप्ता को वीपी क्वालिटी, एड0 जॉन प्रभु को वीपी लीगल, डॉ. सुशील गुप्ता को वीपी इनिशिएटिव्स तथा राजेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष संगठन विकास एवं भागीदारी की जिम्मेदारी दी गई। निर्वाचन के बाद शपथ ग्रहण हुआ, बताया कि संगठन देश में निजी विद्यालयों की गुणवत्ता, शिक्षकों के विकास तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुशासन एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# मकान के सौदे में फौजी से लाखों की ठगी का आरोप

## स्टाम्प शुल्क चोरी, चेक बाउंस व धमकी देने का आरोप, पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगायी गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नौगांवा सादात।** लेह-लद्दाख में तैनात एक सैनिक ने मकान खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी, चेक बाउंस, धमकी और स्टाम्प शुल्क चोरी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम सैदपुर इम्मा निवासी शौकीन अहमद भारतीय सेना की 64 फील्ड रेजिमेंट (गोरखा) आर्टिलरी में तैनात हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि 28 मार्च 2026 को आवास विकास सेकंड स्थित मकान संख्या 2ब-208 का सौदा 17 लाख रुपये में तय हुआ था। बाद में मकान का क्षेत्रफल कम निकलने पर सौदा 15 लाख रुपये में तय किया गया। आरोप है कि मकान सौदे के नाम पर अवनीश कुमार गुप्ता, सुभाष कुमार और उबैद उर्रहमान ने आपसी मिलीभगत से उनसे कुल 3.05 लाख रुपये ले लिए। जब उन्होंने वैध रजिस्ट्री कराने की बात कही तो उन पर रिक्त प्लॉट की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया गया। सैनिक का कहना है कि उन्होंने सरकार को नुकसान पहुंचाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्हें धमकाया गया कि न मकान मिलेगा और न रुपये वापस होंगे। पीड़ित के मुताबिक बाद में सुभाष कुमार ने 5 लाख रुपये का चेक दिया, लेकिन वह बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। इसके बाद केवल 1.50 लाख रुपये वापस किए गए, जबकि अभी भी 3.55 लाख रुपये बकाया बताए जा रहे हैं। सैनिक ने मुख्यमंत्री से मामले में एफआईआर दर्ज कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई, बकाया रकम दिलाने और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

# कलेक्ट्रेट में गरजे पंजू सराय के ग्रामीण



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद ने गांव पंजू सराय में टूटी सड़कों के निर्माण और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।सोमवार को गांव पंजू सराय के ग्रामीणों ने एडीएम गरिमा सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमे कहा गया है कि उनके गांव में काफी समय से सड़के टूटी पड़ी है और जलभराव होने से कीचड़ पसरी है। इन रास्तों से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों में गड्ढे होने से लोग चोटिल हो रहे है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ती है। वह अनेकों बार टूटी सड़कों के निर्माण की शिकायत दर्ज करा चुके है। परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। उनकी समस्या का जल्द समाधान कर टूटी सड़कों से निजात दिलाई जाए। प्रदर्शन करने वालो में अंकित यादव, मजहर, सुनील, दिलशाद, सुहैल, फरमान अहमद आदि शामिल रहे।

# चार थाना प्रभारी समेत 27 पुलिस कर्मी इधर से उधर

## एसपी ने जारी की तबादला सूची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** एसपी ने एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल में 27 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इस सूची में चार थाना प्रभारी और पांच चौकी इंचार्ज भी शामिल हैं। एसपी द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार, निरीक्षक संजय प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से सैदनगली थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। साइबर क्राइम थाने में तैनात निरीक्षक सुनील कुमार को नौगावां सादात का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। सैदनगली थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक विकास कुमार को रजबपुर थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। निरीक्षक प्रवीण कुमार को साइबर क्राइम थाने की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस लाइन से निरीक्षक राम संजीवन को गजरौला थाने का निरीक्षक अपराध और निरीक्षक परीक्षित शर्मा को डिडौली थाने का निरीक्षक अपराध बनाया गया है। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक अमन सिंह अब अमरोहा नगर थाने में निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी संभालेंगे। अमरोहा नगर में तैनात निरीक्षक सतीश कुमार को धनौरा थाने में इसी पद पर भेजा गया है, जबकि धनौरा से निरीक्षक जसबीर सिंह को अमरोहा नगर थाने में निरीक्षक अपराध के पद पर स्थानांतरित किया गया है।पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक राम अवतार सिंह को गजरौला थाने, उपनिरीक्षक कल्याण सिंह को रहरा चौकी और उपनिरीक्षक अनुज कुमार को नौगावां सादात थाने की मुंडाखेड़ा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। हेमन्त कुमार को गजरौला थाने की चौपला चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक राज किशोर सिंह को धनौरा थाने की शेरपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक पवन कुमार सिंह को कोट चौकी से टीपी नगर चौकी और उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को टीपी नगर से कोट चौकी स्थानांतरित किया गया है। संजो देवी मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी बनी उपनिरीक्षक सुरेंद्र पाल को रजबपुर थाने में नई जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक तेजपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह और प्रमोद कुमार को पुलिस लाइन से क्रमश: नौगावां सादात व सैदनगली थाने भेजा गया है।

# नुमाइश में भगवान भरोसे सुरक्षा!

## अतिरिक्त गेटों के आदेश भी निगल गयी अव्यवस्था, हादसा हुआ तो जिम्मेदार कौन?

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** नगर के रामलीला मैदान में चल रही सांस्कृतिक विकास प्रदर्शनी में सुरक्षा व्यवस्था मजाक बनकर रह गई है। जिन शर्तों और बड़े-बड़े दावों के साथ प्रशासन ने मेले को अनुमति दी थी, उन्हीं नियमों को अब खुलेआम रौंदा जा रहा है। सबसे गंभीर मामला अतिरिक्त गेटों को लेकर सामने आया है। उप जिलाधिकारी ने साफ निर्देश दिए थे कि मुख्य द्वार के अलावा दो अतिरिक्त गेट हर समय खुले और बाधारहित रखे जाएंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में भीड़ को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। लेकिन मेले की हालत देखकर लगता है कि जिम्मेदारों ने आदेशों को फाइलों में दबाकर भूल जाना ही बेहतर समझ



लिया। मेले में उमड़ रही भीड़ के बीच यदि भगदड़, आग या बिजली शॉर्ट सर्किट जैसी कोई घटना हो जाए तो लोगों के सुरक्षित निकलने की क्या व्यवस्था है, इसका जवाब किसी जिम्मेदार के पास नहीं दिखाई देता। मैदान में कई जगह दुकानों और अस्थाई ढांचों ने रास्तों को घेर रखा है। जिस अतिरिक्त रास्ते को लोगों की सुरक्षा के लिए खुला रहना था, वहां अव्यवस्था पसरी दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने अनुमति देने से पहले खूब सख्ती दिखाई थी। दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखने, मैदान की बाउंड्री से कम से कम तीन मीटर जगह खाली छोड़ने और आपात निकासी मार्ग बनाए रखने जैसे निर्देश दिए गए थे, लेकिन मौके पर हालात देखकर लगता है जैसे नियम सिर्फ दिखावे के लिए बनाए गए हों। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर जब शर्तों का पालन ही नहीं कराया जाना था तो अनुमति किस आधार पर दी गई? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा? क्योंकि अभी तक जिम्मेदारों की भूमिका सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित नजर आ रही है। पहले ही दिन मेले में अव्यवस्थाओं और वायरल वीडियो को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण और कार्रवाई के दावे तो कर रहे हैं, लेकिन जमीन पर असर दिखाई नहीं दे रहा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मेले में हजारों लोग पहुंच रहे हैं। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में मौजूद रहते हैं। अगर किसी दिन भीड़ बेकाबू हो गई तो हालात संभालना मुश्किल हो जाएगा।

# प्रदेश में आसपा की सरकार बनाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भीम आर्मी के नवमनोनीत जिला संयोजक विकेश कुमार को कार्यकर्ताओं ने पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित किया। नगर के फाजलपुर में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला संयोजक विकेश कुमार के गले में फूल माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। निसार प्रधान, वसीम अहमद, मोनू और प्रशांत फौंदापुरिया ने विकेश कुमार को पंचशील की पगड़ी पहनाकर, तथागत बुद्ध व बाबा साहब डॉ0भीमराव अंबेडकर प्रतिमा देकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंडल प्रभारी सय्यद मसरूर, देवेंद्र बैसला, प्रशांत अम्बेडकर, मोनू सागर, सौरभ राज, सचिन, शरीफ अख्तर, शाहनवाज मलिक, राजू खेवान, जुगनू सिंह, काविंदर सिंह, सुनील कुमार, श्याम जाटव, देवीलाल भगत, मोनू कुमार, कृष्ण कुमार, अरविंद कुमार, कपिल आजाद, रवि कुमार, राशिद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# रील के चक्कर में उजड़ा परिवार

## ट्रेक्टर से स्टंट करते समय नदी में डूबा युवक, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** सोशल मीडिया पर शरीलश बनाने का जुनून आज के युवाओं के लिए किस कदर जानलेवा साबित हो रहा है, इसकी एक हृदय विदारक बानगी जनपद के दियोरिया कोतवाली क्षेत्र में देखने को मिली।



रविवार दोपहर देवहा नदी के किनारे ट्रैक्टर से खतरनाक स्टंट करने के प्रयास में एक 28 वर्षीय युवक की जान चली गई। इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पल भर में उजाड़ दीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़िया बिलहरा का निवासी राजेश (28), जो पेशे से एक ट्रैक्टर चालक था, रविवार को काम के सिलसिले में नदीम नामक व्यक्ति का ट्रैक्टर लेकर घुंघचिहाई जा रहा था। रास्ते में दियोरिया क्षेत्र के कामघाट पुल के पास राजेश ने रील बनाने के लिए ट्रैक्टर को नदी के किनारे उतार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजेश पानी के बीचों-बीच ट्रैक्टर को गोल-गोल घुमाकर खतरनाक स्टंट कर रहा था।

इसी दौरान उसने अपने कपड़े उतारकर नदी में छलांग लगा दी, जबकि ट्रैक्टर पानी में घूमता रहा। अचानक ट्रैक्टर एक मिट्टी के टीले से टकराकर पलट गया और राजेश उसके पहिए के नीचे दबकर गहरे पानी में डूब गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन भारी ट्रैक्टर के नीचे दबे होने के कारण वे सफल नहीं हो सके।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक गौतम सिंह पुलिस बल और गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत और जेसीबी की मदद से युवक और ट्रैक्टर को नदी से बाहर निकाला गया। राजेश को तुरंत दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजेश की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया है। राजेश अपने पीछे पत्नी राजेश्वरी और तीन मासूम बच्चों बेटा आर्यन (6), बेटी निहारिका (6) और नेहा (4) को छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राजेश की शादी वर्ष 2018 में बीसलपुर क्षेत्र के शेरगंज में हुई थी।

ष्सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

> **सावधानी बरतें:** सोशल मीडिया रील्स और चंद लाइक के चक्कर में अपनी जान जोखिम में न डालें। आपकी सुरक्षा आपके परिवार की खुशियों के लिए अनिवार्य है।
>
> **गौतम सिंह, थाना प्रभारी**

# टेंपो, ऑटो और बाइक की हुई भिड़ंत आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली** नगर के बिल्सी रोड स्थित शनि देव मंदिर के पास सोमवार को 10 बजे करीब बड़ा सड़क हादसा हो गया।

बर्फ से भरे एक टेंपो, सवारी से भरे ऑटो और एक बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।हादसे में गुड्डो पत्नी सुनील निवासी टीकुरी थाना वजीरगंज, नेक्शो पत्नी अतर सिंह व चंद्रकली पत्नी श्रीराम निवासी अजनावर थाना बिसौली, राजवती पत्नी काशीराम व पूजा पत्नी संजीव निवासी मुड़िया धुरेकी थाना फैजगंज बेहटा, सावित्री पत्नी हरिशंकर व सूरजभान पुत्र जवाहरलाल निवासी लहरा लाडपुर थाना वजीरगंज जनपद बदायूं सहित आधा दर्जन से लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कुछ लोग ऑटो में सवार होकर बिल्सी की तरफ जा रहे थे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

**एक नजर**

## बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, पीलीभीत द्वारा देश और प्रदेश में बढ़ती बेतहाशा महंगाई, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी और रसोई गैस सिलेंडरों के दामों में की गई भारी वृद्धि के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत चब्बा शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट तिराहे पर इकठ्ठे हुए और डीएम कार्यालय तक सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जलूस निकाला और प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत पाल सिंह चब्बा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश का आम नागरिक, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग दाने-दाने को मोहताज हो रहा है। पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दामों में लगातार की जा रही वृद्धि से माल ढुलाई और परिवहन बेहद महंगा हो गया है, जिसके चलते बाजार में रोजमर्रा की हर जरूरी वस्तु, सब्जी, राशन और दवाओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत कलेक्ट्रेट परिसर पीलीभीत में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। पंचायत का संचालन पवन कुमार वर्मा ने किया। पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि गेंहूँ खरीद केन्द्रों पर किसानों की गेंहूँ की उपज को नही खरीदा जा रहा है। किसान गेहूं खरीद केन्द्रो के चक्कर काट रहे हैं।लेकिन क्रय केन्द्रों पर क्रय केन्द्र प्रभारी दिन भर गायब रहते हैं।किसान मजबूरीवस अपनी उपज आढ़तियों, व्यापारियों व नकली बीज बनाने वाले सीड्स प्लांटों पर समर्थन मूल्य से नीचे गेंहूँ बचने को विवश होना पड़ रहा है। पहले गेंहूँ में लस्टर लॉस के कारण सरकारी खरीद बहुत दिनों तक बन्द रही अब लस्टर लॉस वाले गेंहूँ की खरीद की परमीशन सरकार से मिली तो अब बारदाना आदि का बहाना बना कर गेंहूँ क्रय केन्द्रों से टरकाया जा रहा है ताकि गेंहूँ माफियाओं को लाभ पहुँच सके। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि पीलीभीत की चीनी मिलें गन्ना किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान नही कर रही हैं, जिससे जनपद के गन्ना किसान अपनी अगली फसलों व स्कूली छात्रों की फीस नही दे रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, सदर तहसील महिला प्रकोष्ठ रेशमा वर्मा, पूरनपुर ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, जिला सचिव रामकृपाल, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार वर्मा, रुपराम वर्मा, तरसेम सिंह, रामरतन लाल बालकराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका कार्यालय में मेडल सम्मान और सुनहरे भविष्य की गूंज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** नगर पालिका सभागार का मंच हमारे क्षेत्र की अद्भुत प्रतिभाओं के गौरव का साक्षी बना। स्वामी एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स, भसीन इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सेंट जोसेफ स्कूल, लकी चिल्ड्रेन स्कूल और तत्व सरस्वती विद्या मंदिर के होनह. ार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की सफलता को एक नया आसमान मिला।



भाजपा विधायक बाबूराम पासवान और विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में इन मेधावियों को प्रशस्ति पत्र सौंपना और क्षेत्र के उभरते इंस्टाग्राम क्रिएटर्स को शील्ड देकर सम्मानित करना मेरे लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण रहा। डॉ. सुगंध अग्रवाल के कुशल और जीवंत मंच संचालन ने इस पूरे समारोह में चार चांद लगा दिए। बच्चों के चेहरों की मुस्कान, उनके माता-पिता की आँखों में गर्व के आँसू, सम्मानित सभासद गणों का उत्साह और पत्रकार बंधुओं का सहयोग गवाह है कि पूरनपुर का भविष्य बेहद सुरक्षित और उज्ज्वल हाथों में है। सभी सफल विद्यार्थियों और क्रिएटर्स को दिल से बधाई! आप यूँ ही निरंतर आगे बढ़ते रहें और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर हर्ष गुप्ता, सहित सम्मानित सभासद उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यापारियों संग जिला अधिकारी ने की बैठक

> ■ देशहित में सीमित गोल्ड की बिक्री की व्यापारियों से की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रधानमंत्री द्वारा भारत के सभी नागरिकों से बुलियन/ सोना न खरीदने की अपील के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जिला प्रशासन (सभी जिलाधिकारियों/ पुलिस आयुक्त/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/ पुलिस अधीक्षकों) को बुलियन/ सर्राफा एसोसिएशन के साथ तत्काल बैठक कर उनकी चिंताओं को दूर करने के निर्देश दिये गये हैं।

निर्देशों के क्रम में पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता सरार्फ व्यपारियों के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सुकीर्ति माधव, पुलिस अधीक्षक, विजय वर्धन तोमर, नगर मजिस्ट्रेट, दीपक चतुर्वेदी, सीओ सिटी एंव राज्य कर विभाग की ओर से संजीव कुमार, उपायुक्त, राज्य कर, राजेन्द्र प्रसाद चौहान, सहायक आयुक्त, राज्य कर पीलीभीत द्वारा सर्राफा व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों को बताया गया कि सर्राफा कारोबार से जुड़े समस्त व्यापारी देश हित को सर्वोपरि रखते हुए ठोस सोना (बुलियन) व गोल्ड बार की बिक्री न करें।

बुलियन व गोल्ड बार की बिक्री कम होने से सोने के आयात में कमी आएगी, जिससे विदेशी मुद्रा भण्डार पर दवाब कम होगा। पुराने स्वर्ण आभूषणों को रिसायकिल रिडिजायन कर नये आभूषण बनवाने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया जाये।

बैठक में सर्राफा व्यापारी संगठन के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार अग्रवाल, शैली अग्रवाल महामंत्री, मुरली मनोहर अग्रवाल (अधिवक्ता) आदि उपस्थित रहे। बैठक में सर्राफा व्यापारी संगठन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा सरकार को पूर्ण सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया गया।

जिला महामंत्री शैली अग्रवाल ने इस दौरान सर्राफा व्यापारियों से जुड़ी कई अहम समस्याओं से भी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया, जिला अधिकारी ने शैली अग्रवाल को जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# राज्यमंत्री एवं जिलाकिारी ने105 आंगनबाडी सहायिकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** बाल विकास विभाग पीलीभीत की परियोजना ललौरीखेड़ा, अमरिया व मरौरी के सदर विधानसभा क्षेत्र में नव चयनित ऑगनबाड़ी सहायिकाओं को गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त कराये गये।

नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित सहायिकाओं के चेहरों पर तो मुस्कान थी ही अपितु बाहर खड़े उनके परिजनों में एक अतिरिक्त उत्साह की चमक थीं अतिरिक्त उत्साह इस बात का है कि उनके घर की महिला को स्वयं राज्यमंत्री के हाथें यह नियुक्ति पत्र मिलना स्वयं में एक गौरव है जो आज से पूर्व किसी सरकार के रहते शायद ही ऐसी किसी निम्नवर्गीय नियुक्ति में किसी को प्राप्त हुआ हो। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। नियुक्ति पत्र पाने वालों में ललौरीखेड़ा की 40 अमरिया की 55 व मरौरी सदर की 10 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त कराये गये।

# टीकाकरण कार्यक्रम को सशक्त बनाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के सहयोग से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से टीकाकरण समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण की प्रगति, छूटे हुए बच्चों की पहचान, माइक्रोप्लान की समीक्षा, टीकाकरण सत्र स्थलों की गुणवत्ता तथा जनजागरूकता गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी टीकाकरण सत्रों को और बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।इस अवसर पर सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर विपिन कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव नायर, बीसीपीएम मीनाक्षी दुबे सहित समस्त एएनएम एवं एलएचवी मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिला तक समय पर टीकाकरण सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रतिरक्षण लक्ष्य हासिल किया जा सके। बैठक के अंत में स्वास्थ्य विभाग एवं वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के संयुक्त प्रयासों से टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# सड़कों पर बह रहा नाली का पानी

> ■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव से संक्रमण का खतरा, जिम्मेदार मौन

शाह टाइम्स संवाददाता

**माधोटांडा।** तहसील कलीनगर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माधोटांडा में विकास दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। क्षेत्र में नालियों की समुचित सफाई और निकास न होने के कारण नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़कों पर खुलेआम बह रहा है। इसके चलते पूरी बस्ती में भारी गंदगी और मलबे का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है।

सड़क पर फैले कीचड़ और गंदे पानी के बीच से ही स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को आने-जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है, जो इसी मार्ग से होकर अपने स्कूल जाते हैं। गंदगी के कारण हर समय हादसे और फिसलकर गिरने का डर बना रहता है।ग्रामीणों का आरा. ेप है कि नालियों का यह दूषित पानी अब गांव के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर और भीतर तक पहुंच रहा है। सार्वजनिक स्थल पर इस तरह जलभराव होने से क्षेत्र में भयंकर बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय लोगों में डर है कि यदि जल्द ही इस पानी की निकासी नहीं की गई, तो गांव में कोई गंभीर संक्रामक बीमारी या महामारी फैल सकती है।

स्थानीय जनता का कहना है कि इस विकट समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ग्राम प्रधान और ग्राम विकास सचिव इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की इस अनदेखी और उदासीनता को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द नाली निर्माण और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, ताकि लोगों को इस नारकीय जीवन से निजात मिल सके।

## वृक्ष संरक्षण व पुन:रोपण की मांग उठाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे नेचर केयर ट्रस्ट, पीलीभीत द्वारा सड़क चौड़ीकरण के दौरान काटे जा रहे पेड़ों के संरक्षण एवं पुन:रोपण को लेकर सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से ट्रस्ट ने मांग की कि सड़क चौड़ीकरण एवं विकास कार्यों के दौरान अनावश्यक रूप से पेड़ों की कटाई रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा जिन पेड़ों को हटाना अत्यावश्यक हो, उनका वैज्ञानिक तरीके से पुन:रोपण कराया जाए। साथ ही सुरक्षित स्थानों पर वृक्षों को स्थानांतरित कर संरक्षित करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। ट्रस्ट का कहना है कि विकास कार्य आवश्यक हैं, लेकिन इसके साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित वातावरण सुरक्षित रह सके। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने इस पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को संबंधित विषय में सकारात्मक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर नेचर केयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु जैसवार, सचिव दीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. गौरव वर्मा, सदस्य एडवोकेट मुदित अग्रवाल, आयुष मिश्रा, राहुल सक्सेना शिवम माथुर, डॉ सौरभ शर्मा उपस्थित रहे। नेचर केयर ट्रस्ट ने प्रशासन एवं जनप्रति. निधियों से अपील की है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाते हुए वृक्षों के संरक्षण हेतु ठोस कदम उठाए जाएं।

# ललितेश्वरानंद जी महाराज ने आदि कैलाश से दर्शन कर लौटे दर्शनार्थियों का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** बालाजी बलदेवधाम गुधनी में आदि कैलाश से दर्शन कर लौटे कैलाशी आशीष, कैलाशी लखन शर्मा एवं कैलाशी दया मिश्रा का बलदेवधाम परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर फूलमालाएं पहनाई तथा श्री हनुमान जी महाराज का पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव पीठाधीश्वर श्री ललितेश्वरानंद जी महाराज ने आदि कैलाश की दिव्य महिमा का भक्तिमय वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को सनातन धर्म एवं भक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में सपा नेता आकाश मिश्रा, सुमित शर्मा, हिमांशु उपाध्याय सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे।

# खितौरा गैस एजेंसी पर गैस संकट गहराया

> ■ छह दिन से सिलेंडर सप्लाई ठप होने पर उपभोक्ताओं में आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती।** क्षेत्र की गांव खितौरा स्थित बनवारी लाल भारत गैस एजेंसी पर पिछले छह दिनों से गैस सिलेंडर की सप्लाई न मिलने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच गैस लेने पहुंचे लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।



गांव खितौरा स्थित गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण घंटों तक सिलेंडर मिलने की उम्मीद में खड़े रहते हैं, लेकिन सप्लाई न आने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंसी खुलने का निर्धारित समय सुबह 8 बजे है, लेकिन एजेंसी प्रतिदिन करीब 10 बजे खोली जा रही है। उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालक पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गैस उपलब्धता को लेकर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। लोगों का कहना है कि एजेंसी कर्मचारियों द्वारा यह तक नहीं बताया जा रहा कि सिलेंडर कब तक उपलब्ध हो पाएंगे।

उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि पिछले करीब तीन महीनों से गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी पूरी तरह बंद पड़ी है। इसके चलते दूरदराज गांवों के लोगों को स्वयं एजेंसी पहुंचकर सिलेंडर लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने अतिरिक्त किराया खर्च कर वाहन से सिलेंडर ढोने की मजबूरी भी बताई।

ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित गैस कंपनी के अधिकारियों से जल्द सप्लाई व्यवस्था सुचारु कराने, समय से एजेंसी खुलवाने और होम डिलीवरी व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## समूह सखी एम - 1 का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ



शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर ( बदायूं )।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ,प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में चलाया जा रहा समूह सखी मॉड्यूल - 1 का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते सोमवार देर शाम संपन्न हुआ जिसमें डी आर पी राधा , हेमंत बाबू , तथा बी आर पी रानी एवं रूक्मणी ने सभी महिला प्रतिभागियों को विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी दी ।

कार्यक्रम समापन के अवसर पर सभी महिला प्रतिभागियों को एक एक बैग व छायांकन प्रति भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभल जिले के विकास खंड बहजोई से 17 , जुनवाई से 8 ,बनिया खेड़ा से 17 , गुन्नौर से 09 , संभल से 03 , पंवासा से 01 , तथा। राजपुरा से 08 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 मई 2026 से 18 मई 2026 तक संभल जिले में स्थित हयातनगर के जेपी गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया । यह जानकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय ने दी ।

# एसडीएम का बुलडोजर एक्शन, भूमाफियाओं से गौशाला व अन्त्येष्टि स्थल की भूमि कब्जामुक्त कराई



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने नगर पंचायत फैजगंज में गौशाला एवं अन्त्येष्टि स्थल की भूमि पर किए गए भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक और पुलिस टीम ने सोमवार को बुलडोजर चलाया।

आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी के निर्देश पर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराए जाने के चल रहे अभियान के क्रम में सोमवार को तहसील की राजस्व टीम और फैजगंज बेहटा पुलिस ने नगर पंचायत फैजगंज में गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना की गाटा स. 20 एवं नगर पंचायत की अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत प्रस्तावित भूमि गाटा स. 740 की भूमि को भूमाफियाओं से बुलडोजर चलाकर मुक्त कर ली है। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह ने बताया कि गौशाला एवं अन्त्येष्टि स्थल की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था, जिसे प्रशासन द्वारा हटाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक शादाब अली नकवी, लेखपाल प्रताप सिंह लेखपाल लोकपाल लेखपाल मोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ओ लेवल एवं सीसीसी का प्रशिक्षण कराने हेतु इच्छुक संस्थाएं करें ऑनलाइन आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स कराने हेतु जनपद की ऐसी संस्थायें, जो भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्थाओं की मान्यता वैलिड हो) हों, प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन कर सकती हैं।इच्छुक संस्थाओं द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की बेबसाइट backwardwelfareup.gov.in पर दिये गये लिंक एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in से निर्धारित प्रारूप पर 03 जून 2026 तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण हेतु दिशा-निर्देश/समय-सारणी उक्त बेबसाइट पर भी प्रदर्शित है। संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त उसकी हार्डकॉपी समस्त अभिलेखों एवं उपलब्ध संसाधनों से संबंधित विवरण सहित 03 जून 2026 तक अथवा इसके पूर्व ही जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय कक्ष सं. 118, विकास भवन, बदायूं में अनिवार्य रूप से जमा करा दें।

## पॉपकॉर्न व दोना पत्तल मेकिंग मशीन प्राप्त करने हेतु करें आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं ।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत जनपद बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/अल्पसंख्यक एवं पिछडे वर्ग के भुर्जी जाति व परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को वर्ष-2026-27 हेतु आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन, मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन नि:शुल्क वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट www.upkvib.gov.in पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते है।

# घटना एक कंबाइन दो, विवेचक ने एसपी के निर्देश को हवा में उड़ाया

■ पीड़ित ने एडीजी से जांच हटाए जाने की लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** घटना एक और पुलिस ने दो दो कंबाइनों को लिया कब्जे में। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही को लेकर भी कई सवाल खड़े है गए। पीड़ित ने एडीजी को शिकायती पत्र देकर जहां विवेचक पर दूसरे पक्ष से सांठ गांठ किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच किसी दूसरी एजेंसी से कराए जाने की मांग की है।

19 अप्रैल को क्षेत्र के गांव दियोरनियां जागीर के पास एक कंबाइन की हुई टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई थी, जिसमें 27 अप्रैल को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पुरुषोत्तम ने ग्राम दियोरनियां के बुनदन की दूसरी कंबा. इन को दर्ज करा दिया था, जबकि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

अपने खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने से बुनदन खेमे में खलबली मच गई और आनन फानन वह दौड़े दौड़े अधिकारियों के पास पहुंचा, और दर्ज कराई गई रिपोर्ट को सरासर झूठा बताते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की गुहार लगाई। विगत दिनों 2 मई को तहसील दिवस में पहुंचे एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा को भी बुनदन ने शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की थी, जिस पर एसपी उत्तरी



मुकेश चन्द्र मिश्रा ने कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव को निष्पक्ष जांच किए जाने के निर्देश दिए थे।

एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा के आदेश पर विवेचक ने जांच निष्पक्ष करना तो मुनासिब नहीं समझा, हां उन्होंने घटना में शामिल और गलत दर्ज कराई गई दोनों कंबाइनों में अपने कब्जे में जरूर ले लिया है। विवेचक द्वारा की गई इस कार्यवाही को लेकर पुलिस की कार्य प्रणाली पर जरूर सवाल खड़े हो गए हैं।

दूसरी ओर इस मामले में पीड़ित बुनदन ने एडीजी को एक शिकायती पत्र देकर जहां घटना की जांच कर रहे जांच अधिकारी पर दूसरे आरोपी पक्ष से सांठ गांठ करने का आरोप लगाया है, वहीं उसने जांच किसी दूसरे थाने या एजेंसी से कराए जाने की मांग की है।

# डीएम ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ कलक्ट्रेट से बाइक पर बैठकर पहुंचे आवास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में सोमवार को नो व्हीकल डे के अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने बस से यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत तथा सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

डीएम ने आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में सहभागिता करने के लिए सरकारी तामझाम से अलग हटकर बस द्वारा यात्रा की। उनके इस कदम को आमजन के बीच सकारात्मक संदेश देने वाली पहल माना जा रहा है। बैठक समाप्त होने के बाद डीएम ने सादगी एवं जनसामान्य से जुड़ाव का परिचय देते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय से अपने आवास तक मोटर बाइक पर बैठकर यात्रा की। डीएम की इस अनोखी पहल को देखने के बाद अधिकारियों, कर्मचारियों और राहगीरों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। डीएम ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, ईंधन की खपत और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए सार्वजनिक परिवहन का अधिकाधिक उपयोग समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी और कर्मचारी स्वयं इस दिशा में पहल करेंगे तो आमजन भी इससे प्रेरित होंगे। उन्होंने सभी विभागों



के अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे देशहित एवं पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

डीएम ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से सप्ताह में कम से कम दो दिन निजी और सरकारी वाहनों का प्रयोग कम किया जाए। इसके तहत सोमवार और शनिवार को वाहन मुक्त दिवस (नो व्हीकल डे) के रूप में मनाते हुए सार्वजनिक वाहनों से यात्रा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव कर बड़ी बचत और पर्यावरण संरक्षण संभव है। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने से जहां ईंधन की बचत होगी, वहीं सड़क पर वाहनों का दबाव कम होने से प्रदूषण में भी कमी आएगी। डीएम की इस पहल की अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहना करते हुए इसे जनजागरूकता के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## एक नजर

# इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन का हुआ संगठन विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन फार्मासिस्ट वॉइस जिला इकाई बरेली अध्यक्ष मुख्तयार अहमद के नेतृत्व में जिला बरेली की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान संगठन के मजबूत एवं कर्मठ साथियों को मनोनीत पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में डॉक्टर मोवीन रजा को जिला उपाध्यक्ष बरेली, रविन्द्र कुमार को जिला प्रभारी बरेली, सज्जाद हुसैन को महासचिव बरेली, मो. आसीन को जिला सचिव बरेली नियुक्त किया गया है। जिला इकाई बरेली अध्यक्ष मुख्तयार अहमद ने कहा कि इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन परिवार सभी को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं स्वागत करता है। उन्होंने आशा जताई कि नई कार्यकारिणी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को जिले में और अधिक सशक्त बनाएंगे, तथा फार्मासिस्ट समुदाय के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# दो लाख रुपये नहीं दिए तो अपहरण कर हत्या करा दूंगा, अधिवक्ता ने पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कोतवाली के निकट हनुमान गढ़ी मंदिर की दो दो कमेटी गठित होने के मामला दिन व दिन तूल पकड़ता जा रहा है। आज इस मामले को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। घटना की तहरीर एक अधिवक्ता की ओर से दी गई है, जिसमें कस्बे के दूसरे पक्ष के एक दुकानदार पर 2 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है।

अधिवक्ता प्रियाशंकर द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में हनुमान गढ़ी मन्दिर की संपत्ति हड़पने का आरोप एक दुकानदार पर लगाया है। कहा मन्दिर की एक दुकान उसके पास है और नियमित रूप से वह उसका किराया मन्दिर के पुजारी के पास जमा कर रहा है। आरोप है कि यह दुक. ानदार मन्दिर की संपत्ति पर कब्जा करना चाहता है। आरोप है कि दुकानदार उन्हें दुकान खाली न किए जाने पर 2 लाख रुपए की रंगदारी मांग रहा है। कहा रुपये नहीं दिए तो वह उसकी अपहरण कर हत्या करा देगा। पुलिस को दी गई तहरीर में अधिवक्ता प्रिया शंकर ने बताया कि सोमवार को आरा. पी दुकानदार उनकी सीट के पास आया और थम की आड़ लेकर वीडियो बनाने लगा, जब उन्होंने मना किया तो वह गंदी गंदी गालियां देने लगा, और मारने पीटने पर अमादा हो गया। अधिवक्ता ने रंगदारी मांगने वाले दुकानदार से अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

# उत्कृष्ट माटीकला शिल्पियों को किया जाएगा पुरस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने जनपद के माटीकला उद्योग से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पियों को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में माटीकला एवं माटी शिल्पकला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले परंपरागत कारीगरों और शिल्पियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पुरस्कार योजना के अंतर्गत मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मूर्तियां एवं अन्य माटी शिल्प उत्पाद तैयार कर जीविकोपार्जन करने वाले ऐसे कुम्हारों, माटीकला शिल्पियों एवं परंपरागत कारीगरों को मंडल स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जो अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कुम्हारी कला से जुड़े कारीगरों का विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। चयन समिति द्वारा चयनित प्रथम पुरस्कार विजेता को 15 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार विजेता को 12 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार विजेता को 10 हजार रुपये की धनराशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, स्वयं की फोटो तथा अपने उत्पाद की फोटो अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिन लाभार्थियों को पूर्व में माटीकला पुरस्कार प्राप्त हो चुका है, वे इस योजना के अंतर्गत पात्र नहीं होंगे। माटीकला से जुड़े इच्छुक कारीगर एवं शिल्पी माटीकला पुरस्कार योजना पोर्टल पर 30 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# ओ-लेवल व सीसीसी प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नीलिट मान्यता प्राप्त संस्थाओं से आवेदन मांगे गए हैं। योजना के अंतर्गत चयनित संस्थाओं द्वारा ओ-लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी इन्द्रसेन सरोज ने बताया कि भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त तथा जनपद में संचालित संस्थाएं 20 मई 2026 से 3 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्था की मान्यता वैध होना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि संस्थाएं विभागीय वेबसाइट पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग पोर्टल एवं ओबीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन के साथ संस्थाओं को मान्यता संबंधी अभिलेख, आधारभूत ढांचे का विवरण तथा निर्धारित प्रारूप पर नोटरी शपथ पत्र भी अपलोड करना होगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी आवश्यक संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष संख्या-17 में 3 जून 2026 की शाम पांच बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। यदि कोई संस्था निर्धारित समय तक आवेदन की हार्डकॉपी जमा नहीं करती है तो उसके लिए संबंधित संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी। उन्होंने बताया कि निदेशालय स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा संस्थाओं का चयन किया जाएगा तथा समय सारिणी के अनुसार 15 जून 2026 तक जनपद स्तर पर प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं का चयन प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि योजना से संबंधित दिशा-निर्देश एवं समय सारिणी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है, ताकि इच्छुक संस्थाओं को आवेदन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# समय पर पंचायत चुनाव कराने की मांग, प्रधानों ने ब्लॉक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** प्रधान संघ के अध्यक्ष सोनू कुर्मी के नेतृत्व में सोमवार को प्रधानों ने ब्लॉक कार्यालय पर नारेबा. जी कर सरकार से समय पर पंचायत चुनाव कराने की मांग उठाई। प्रधानों ने कहा कि यदि निर्धारित समय पर चुनाव नहीं कराए जाते हैं तो मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। प्रधान संघ के अध्यक्ष सोनू कुर्मी ने कहा कि सरकार ग्राम पंचायतों के अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखे। उन्होंने कहा कि पंचायतों में प्रशासनिक व्यवस्था लागू होने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं, इसलिए समय पर चुनाव कराना जरूरी है।प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व में प्रशासक व्यवस्था लागू होने से ग्राम पंचायतों में कई समस्याएं उत्पन्न हुई थीं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धनराशि प्राप्त करने के ब्यान दिए जाने के बाद ही थी बैनामा की रजिस्ट्री, शिकायत सरासर झूठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** दो दिन पहले कस्बे की आदर्श नगर बस्ती के माखनलाल द्वारा एक शिकायती पत्र दिया गया था, जिसमें उसने 30 लाख का प्लॉट 50 हजार रुपए में शराब पिलाकर धोखाधड़ी से करा लेने का आरोप ग्राम सिजौलिया के तीन लोगों पर लगाया था। साथ ही माखनलाल ने इस मामले में सब रजिस्ट्रार कार्यालय की भूमिका को भी संदिग्ध बताया था।

इस मामले में आज सोमवार को प्रभारी सब रजिस्ट्रार निशात अकबर काजमी ने बताया कि शिकायतकर्ता माखनलाल जब अपना बैनामा कराने कार्यालय आया था तो वह पूरे होशो हवाश में था, किसी तरह का कोई भी नशा आदि नहीं किए था। इतना ही नहीं उसने बैनामे में दर्शाई गई कुल राशि को प्राप्त कर लेने का बयान अपने गवाहों के सामने दिया था, उसके बाद ही बैनामा की रजिस्ट्री की गई थी। श्री काजमी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपना पेन कार्ड भी न लिए जाने का आरोप लगाया था, जबकि पेन कार्ड उसकी ऑनलाइन कराए जाने में साफ दर्शाया गया है। उन्होंने शिकायत को सरासर झूठा और बेवुनियाद बताया है।

# बरेली रेंज पुलिस ने साइबर गिरोहों पर कसी नकेल

## छह माह में 506 मुकदमे दर्ज, 72 साइबर अपराधी पकड़े, करोड़ों रुपये की धनराशि कराई होल्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो
( मो0 इरफान मुनीम )

**बरेली।** प्रदेश सरकार की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बरेली परिक्षेत्र पुलिस साइबर अपराधों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहज. हांपुर जनपदों में साइबर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आमजन को डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी से बचाने के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।



साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए परिक्षेत्र के प्रत्येक जनपद में साइबर सेल, साइबर थाना और थानों पर साइबर हेल्पडेस्क स्थापित की गई हैं। पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देकर साइबर अपराधों की त्वरित जांच और कार्रवाई के लिए तैयार किया गया है। साइबर पुलिस टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल सर्विलांस और बैंकिंग विवरणों के आधार पर कई मामलों का सफल खुलासा करते हुए साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया।

विगत छह माह, एक नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक, बरेली परिक्षेत्र में साइबर अपराधों से संबंधित कुल 506 मुकदमे दर्ज किए गए। इस दौरान 72 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 17 आरोपियों को नोटिस तामील कराए गए। विभिन्न माध्यमों से साइबर अपराध से संबंधित 8697 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6103 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर दिया गया है। शेष मामलों की जांच जारी है।

साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सात करोड़ 24 लाख 52 हजार 778 रुपये की धनराशि होल्ड कराई, जबकि एक करोड़ 33 हजार 631 रुपये से अधिक की रकम पीड़ितों को वापस कराई गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय पर शिकायत मिलने से धनराशि रिकवर कराने में सफलता मिलती है।

बरेली साइबर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोबाइल चोर एवं साइबर अपराधी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये कीमत के 45 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से मोबाइल चोरी कर यूपीआई के माध्यम से पीड़ितों के बैंक खातों से धनराशि ट्रांसफर कर लेते थे। इसके अलावा चोरी के मोबाइल अन्य राज्यों के साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराए जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर करें शिकायत**

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक या लालच देने वाले ऑनलाइन ऑफर पर भरोसा न करें। ओटीपी, बैंक डिटेल और व्यक्तिगत जानक. ारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे धनराशि होल्ड कराने और वापस दिलाने की संभावना बढ़ जाती है।

वहीं बदायूं साइबर थाना पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी कर पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। आरोपी नौकरी दिलाने के नाम पर विभिन्न राज्यों के लोगों से रजिस्ट्रेशन शुल्क और अन्य मदों में रुपये ट्रांसफर कराकर ठगी करते थे। पुलिस को जांच में करीब साढ़े चार लाख रुपये की ठगी की जानकारी मिली है। मौके से लैपटॉप, प्रिंटर, स्मार्ट फोन, 23 सिम कार्ड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए परिक्षेत्र पुलिस ने व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया। स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर कुल 2166 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड, निवेश धोखाधड़ी और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खतरों के बारे में जानकारी दी गई।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या लालच देने वाले ऑनलाइन ऑफर पर भरोसा न करें। ओटीपी, बैंक डिटेल और व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही नजदीकी साइबर थाना, साइबर सेल या थाने पर स्थापित साइबर हेल्पडेस्क से संपर्क करें।

**छह माह में 506 मुकदमे, 72 साइबर अपराधी दबोचे**

बरेली परिक्षेत्र में एक नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक साइबर अपराधों से जुड़े 506 मुकदमे दर्ज किए गए। इस दौरान 72 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 17 आरोपियों को नोटिस तामील कराए गए। पुलिस ने सात करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक की धनराशि होल्ड कराई और एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम पीड़ितों को वापस कराई।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। समय रहते शिकायत करने पर ठगी गई धनरा. शि को होल्ड कराने और वापस दिलाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। बरेली परिक्षेत्र पुलिस साइबर अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।

# बीडीएम पब्लिक स्कूल में समर कैंप का शुभारम्भ 'रेड डे' पर बच्चों ने किया उत्साहपूर्ण सहभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल में सोमवार से नन्हे विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का उत्साहपूर्ण शुभारम्भ किया गया। समर कैंप के प्रथम दिवस पर प्री-एनसी, एनसी एवं केजी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए "रेड डे" का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को लाल रंग के महत्व और उसकी पहचान से परिचित कराने के उद्देश्य से विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने लाल रंग के फलों की पहचान, रेड फ्रूट एक्टिविटी, रंग-बिरंगे खेल, समूह नृत्य तथा लाल फलों के जूस से जुड़ी रोचक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की।इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे आकर्षक लाल




परिधानों में बेहद मनमोहक दिखाई दिए। विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह और उल्लास से जीवंत नजर आया। शिक्षिकाओं ने खेल-खेल में बच्चों को रंगों के महत्व, स्वास्थ्यवर्धक फलों और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समर कैंप के आगामी दिनों में भी विद्यार्थियों के लिए कई शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# 60 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 60 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।मामले में पूछताछ के दौरान पुलिस को नशे के नेटवर्क से जुड़ी अहम जानकारी भी मिली है,जिसकी गहनता से जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रहपुरा अंडरपास के पास रबड़ फैक्ट्री के मैदान में कुछ लोग अवैध मादक पदार्थों के साथ मौजूद हैं। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी आदेश कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, विक्की सिंह और कांस्टेबल अक्षय कुमार की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने मोहम्मद आलम निवासी अहमद नगर नई बस्ती से 25



ग्राम और मोहम्मद सैफ निवासी भोले नगर से 35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। कुल 60 ग्राम स्मैक बरामद होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद आलम ने बताया कि वह मोहम्मद सैफ से स्मैक खरीदकर उसे अधिक दामों में बेचता था और इसी से अपने परिवार का खर्च चलाता था।

वहीं आरोपी मोहम्मद सैफ ने बताया कि वह स्मैक कस्बा निवासी जमीर अहमद पुत्र अमीर बख्श नाम के एक व्यक्ति से कम कीमत में खरीदता था और बाद में ग्राहकों को अधिक दामों में बेचता था। पूछताछ में आरोपियों ने कुछ अन्य जानका. रियां भी पुलिस को दी हैं, जिनके आधार पर नशे के नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है।

पुलिस ने स्मैक बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वांछित आरोपी की तलाश में जुट गई है। थ

ाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में नशे के कारोबार पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# कॉलेज की दोस्ती, एकतरफा प्यार और फिर कत्ल

■ डीएलएड छात्रा हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा
■ मोबाइल में दोस्तों के मैसेज और फोटो देखकर बौखलाया आरोपी, सुनसान खेत में ले जाकर घोंटा गला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में डीएलएड छात्रा नीतू की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए आरोपी अशोक को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी छात्रा से एकतरफा प्यार करता था और उसी से शादी करना चाहता था। छात्रा के मोबाइल में दूसरे लड़कों के कॉल, मैसेज और फोटो देखने के बाद वह इस कदर बौखला गया कि उसने हत्या की साजिश रच डाली। पुलिस के अनुसार 16 मई को आरोपी ने सुनसान इलाके में ले जाकर छात्रा की गला दबाकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद शव को सीबीगंज में झुमका चौराहे से करीब 400 मीटर अंदर खेत में फेंककर फरार हो गया था।





पुलिस के मुताबिक नीतू इन दिनों आलोक नगर स्थित अपने मौसा के घर रहकर डीएलएड की परीक्षा दे रही थी। उसका मौसा उसे रोज सेटेलाइट चौराहे तक छोड़ता था, जहां से आरोपी अशोक बाइक पर उसे परीक्षा केंद्र लेकर जाता था। परीक्षा के दौरान वह नीतू का मोबा. इल अपने पास रखता और बाहर इंतजार करता था। वापसी में उसे फरीदपुर से वापस मौसा के घर तक छोड़ता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 13 और 14 मई को लगातार दो दिन नीतू का मोबाइल उसके पास रहा। इस दौरान मोबाइल पर कुछ लड़कों के कॉल और मैसेज आए। मोबा. इल गैलरी में भी कुछ लड़कों के साथ नीतू की तस्वीरें थीं। हालांकि तस्वीरें आपत्तिजनक नहीं थीं, लेकिन आरा. पी नीतू के साथ किसी और की मौजूदगी बर्दाश्त नहीं कर पा रहा था। इसी बात ने उसके भीतर शक और गुस्से को बढ़ा दिया।

15 मई को अंतिम परीक्षा के बाद जब नीतू आरोपी की बाइक पर बैठी तो उसने मोबाइल में मिले मैसेज और तस्वीरों को लेकर सवाल-जवाब शुरू कर दिए।

इसी दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और गुस्से में आरोपी ने दो बार नीतू को बाइक से गिरा दिया, जिससे उसके घुटनों और कोहनी में चोट लग गई। फरीदपुर क्षेत्र में सड़क पर दोनों का झगड़ा देखकर लोग भी जमा हो गए थे, लेकिन नीतू ने मामला संभालते हुए इसे आपसी विवाद बता दिया और फिर आरोपी के साथ बाइक पर बैठ गई। पुलिस के अनुसार इसके बाद आरोपी उसे अलग-अलग रास्तों पर घुमाता रहा और शाम होने का इंतजार करता रहा। देर शाम वह नीतू को सीबीगंज के सुनसान इलाके में ले गया, जहां गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी और नीतू की पहचान करीब छह वर्ष पुरानी थी। वर्ष 2020 में वह नीतू के पिता के स्कूल में पढ़ाई करने गया था, तभी दोनों के बीच दोस्ती हुई थी। हाईस्कूल के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी, लेकिन नीतू और उसके परिवार के संपर्क में बना रहा। आरोपी कोई स्थायी काम नहीं करता था, जबकि नीतू पढ़ाई में तेज थी। उसे उम्मीद थी कि नीतू आगे चलकर शिक्षिका बनेगी या अपने पिता का स्कूल संभालेगी। इसी वजह से वह उससे शादी करना चाहता था और अपना भविष्य सुरक्षित मान रहा था। पुलिस ने बताया कि नीतू के लापता होने के बाद आरोपी ने जांच को भटकाने की भी कोशिश की। उसने मोबाइल में दिखे कुछ लड़कों के नाम पुलिस को बता दिए, जिसके बाद पुलिस ने कई युवकों से पूछताछ की। हल्द्वानी निवासी एक युवक को भी हिरासत में लिया गया, लेकिन बाद में वह निर्दोष निकला।

पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि वह बेहद गुस्सैल स्वभाव का है। वर्ष 2023 में नीतू से फोन पर झगड़े के दौरान उसने गुस्से में बाइक पेड़ से भिड़ा दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और कई दिन आईसीयू में भर्ती रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना के समय आरोपी के मोबाइल फोन की लोकेशन घटनास्थल के आसपास मिली थी। इसके अलावा टोल प्लाजा और अन्य स्थानों के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी छात्रा के साथ बाइक पर जाता दिखाई दिया। कॉल रिकॉर्ड और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की भूमिका स्पष्ट होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# 12 गांवो के किसानः सर्किल रेट बढ़ाओं, फिर भूमि लो!

## किसान संघर्ष जारीः भूमि अधिग्रहण से पहले मांग, जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जनपद के 12 गांवों के किसान मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने डीएम अस्मिता लाल को ज्ञापन सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण से पहले सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की। किसानों ने बताया कि उनके गांवों की जमीनों का अधिग्रहण औद्योगिक क्षेत्र के लिए होना है।

वर्तमान में जमीनों का सर्किल रेट बहुत कम है, जिससे अधिग्रहण होने पर किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने तर्क दिया कि निजी बाजार में जमीनें ऊंचे दामों पर बिक रही हैं, जबकि सरकारी अधिग्रहण में उन्हें कम मुआवजा मिलेगा। बाबूराम त्यागी ने जानक. ारी दी कि सिंगोली और रटोल सहित कुल 12 गांव इस अधिग्रहण से प्रभावित होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला, तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। काशीराम प्रधान, बाबूराम त्यागी और रवि बैसला सहित 50 से अधिक किसान और जनप्रतिनिधि डीएम से मिले। उन्होंने बताया कि अधिग्रहण के डर के बीच प्राइवेट बिल्डर और भूमाफिया भी सक्रिय हो गए हैं, जो किसानों को लुभावने लालच देकर उनकी जमीनें हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डीएम ने किसानों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जनता वेदिक डिग्री कॉलेज में किया वॉलीबॉल बोल का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के जनता वेदिक डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में आर्ट ऑफ गिविंग की मुहिम के तहत वॉलीबॉल बोल का वितरण किया गया जिसमें ग्राम दाहा वालीबॉल अकैडमी सिलाना वालीबॉल अकैडमी कंडेरा वालीबॉल अकैडमी बितावदा नगला सिनौली लायन मलकपुर बरवाला सूप शिकोहपुर मुजफ्फरनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम किन्नी बरवाला बितावदा बड़ौत शहर शामिल स्टेडियम जब कॉलेज वॉलीबॉल अकादमी आदि के उत्कृष्ट खिलाड़ियों तथा प्रतिभाशाली कोच व मैनेजर को सैकड़ो वॉलीॉल वितरित की गई।

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों तथा कोच में मैनेजर को भविष्य में इसी तरह और खेल सामग्री तथा जिले के खेल को उत्कृष्ट लेवल ले जाने की बात कही। इस अवसर पर प्रबंध समिति से महक सिंह सोधान सिंह आदि उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह सभी खिलाड़ियों तथा खेल विभाग को बधाई दी और जनता वैदिक कॉलेज को प्रदेश में खेलों में नंबर एक बनाने का वादा किया।

## सीएमओ कार्यालय में 6 फीट लंबा सांप निकले से कर्मचारियों में हड़कंप



अजीत धामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सीएमओ कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब वहां 6 फीट लंबा सांप देखा गया। सांप के अचानक निकलने से कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

घटना उस समय हुई जब बागपत सीएमओ कार्यालय में कर्मचारी रोज की तरह अपने काम में व्यस्त थे। कार्यालय में काम से आए कुछ लोगों ने अचानक सांप को देखकर चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर अन्य कर्मचारी बाहर आए और 6 फीट लंबे सांप को देखकर घबरा गए। कर्मचारियों ने लाठी-डंडों की मदद से सावधानीपूर्वक सांप को कार्यालय से बाहर निकाला। इस दौरान, कार्यालय के एक कर्मचारी अजीत धामा ने निर्देश दिए कि सांप को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। सांप को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद वह जंगल की ओर चला गया। सीएमओ तीरथ लाल ने बताया कि सांप अचानक कार्यालय में आ गया था। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि एक बार फिर पूरे कार्यालय की जांच की जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अन्य वन्यजीव अंदर न हो। उन्होंने कहा कि किसी की भी सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

## जागौश व शबगा गांव में यमुना नदी पर ठोकर लगाने का निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददात**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश व शबगा गांव में यमुना नदी पर तटबंध और ठोकर निर्माण कार्य अब युद्धस्तर पर काम शुरू हो चुका है। हर वर्ष यमुना में आने वाली बाढ़ से किसानों की फसलों को होने वाले भारी नुकसान को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना शुरू की गई है।



यमुना नदी में बाढ़ आने से जागौश शबगा गांव के किसानो की हजारों बीघा फसल यमुना नदी में समा गई थी जिसमें करोड़ों रुपए का नुकसान दोनों गांव का हुआ था। गांव को भी खतरा पैदा होना शुरू हो गया था। गांव के लोग पलायन करने का मन बनाने लगे थे। हजारों साल पुराना टिल्ला भी यमुना नदी की चपेट में आना शुरू हो गया था और उसका भी कटान शुरू हो गया था इससे गांव के लोग दहशत में आ गए थे। यमुना नदी में बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने से जागौश और शबगा गांव के किसानों की हजारों बीघा फसल हर साल बाढ़ और कटान की चपेट में आ जाती थी। कई किसानों की उपजाऊ भूमि भी यमुना में समा चुकी है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही थी। इस वर्ष भी करीब एक हजार बीघा से अधिक फसल जलभराव और कटान के कारण बर्बाद हो गई थी। क्षेत्र के किसानों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से स्थायी समाधान की मांग उठाई थी। किसानों का कहना था कि जब तक यमुना किनारे मजबूत तटबंध और ठोकर नहीं बनाए जाएंगे, तब तक हर वर्ष फसल और जमीन का नुकसान होता रहेगा। किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके बाद शासन ने 18 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया। बजट स्वीकृत होने के बाद सिंचाई विभाग ने निर्माण कार्य की निविदा जारी की और अब मौके पर तटबंध एवं ठोकर निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तटबंध बनने से यमुना के तेज बहाव और कटान पर प्रभावी रोक लगेगी, जबकि ठोकर निर्माण से नदी के बहाव की दिशा नियंत्रित की जा सकेगी। इससे किसानों की फसल और भूमि दोनों सुरक्षित रह सकेंगी। शबगा गांव के किसान अक्षय कुमार, वेदपाल पवार, रवि शास्त्री, धर्मपाल सिंह और बाली सिंह ने बताया कि वर्षों से बाढ़ के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। अब तटबंध और ठोकर निर्माण शुरू होने से किसानों को काफी उम्मीद जगी है। वहीं जागौश गांव के पूर्व प्रधान विजयपाल शर्मा, पूर्व प्रधान राजू त्यागी, ग्राम प्रधान निशा शर्मा, पूर्व प्रधान ईश्वर सिंह, पूर्व प्रधान सतीश वाल्मीकि, गंगा चरण त्यागी, कपिल त्यागी, सतपाल त्यागी और ओमदत्त शर्मा प्रधान प्रतिनिधि लव कुश शर्मा, नरेश शर्मा समेत अन्य किसानों ने विभाग से निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है, ताकि आगामी बरसात से पहले किसानों को राहत मिल सके। सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर विकास भारद्वाज ने बताया कि शासन से परियोजना के लिए बजट प्राप्त हो चुका है और तटबंध व ठोकर निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि यह कार्य 30 जून तक पुरा कर लिया जाएगा, जिससे आगामी बाढ़ के दौरान किसानों की फसल और भूमि को सुरक्षित रखा जा सके।

## लु के थपेड़ो से बिलबिला उठें लोग

**शाह टाइम्स संवाददात**
**बडौत।** बढ़ती गर्मी ने दिन निकलते ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। लु के थपेड़ो से लोग बिलबिला उठें है। तेज गर्मी के कारण दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।
मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी के लिए और भी तैयार हो जाइये आप अगले 5 दिनों तक उत्तर भारत में दिन का अधिकतर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। कड़ी धूप से बचना होगा मौसम विभाग ने भी रविवार को हिटवेव जारी किया है। आज का तापमान 41 डिग्री सेल्सियम पहुंच चुका है अधिक गर्मी होने के कारण सड़क भी तिलमिला उठी है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों से गर्मी से बचने की सलाह देते हुए अधिक पानी पीने के लिए सभी लोगों से आहवान किया है।



## सर्व समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में ब्राह्मण समाज के थाम्बेदार मा ओंकार शर्मा के निवास पर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता चौधरी सुभाष शर्मा (चौधरी देश खाप ब्राह्मण समाज) ने की एंव संचालन मा ओंकार शर्मा ने किया।

अपने सम्बोधन में चौधरी सुभाष शर्मा ने कहा कि सपा प्रवक्ता राज. कुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज पर अपमानजंक टिपण्णी की है वह स्वीकार्य नहीं है और इस बैठक के माध्यम से इसकी कड़ी निंदा करती है। ओंकार शर्मा ने कहा कि आज किसी साजिश के तहत सभी ब्राह्मण समाज को अपमानित किया जा रहा है, सपा प्रमुख अखिलेश यादव को तुरंत संज्ञान लेकर राजकुमार भाटी को पार्टी से सपेंड किया जाये, अन्यथा ब्राह्मण समाज चुनाव में सपा का विरोध करेगी। के डी शर्मा ने कहा कि न केवल सपा बल्कि आरएसएस प्रमुख ने ब्राह्मण समाज के आदर्श भगवान विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम को अपमानजंक शब्द कहे और कहा कि परशुराम हाथ में परसा नहीं कुल्हाड़ी रखते थे हम इसकी निंदा करते है, अपने सम्बोधन में डा. योगेश जिन्दल ने कहा कि यदि ब्राह्मण समाज का अपमान बंद नहीं किया गया तो इसका मुँह तोड़ जवाब दिया जायेगा। बैठक में मौजूद पंडित राममैहर शर्मा, पडित श्रीपाल शर्मा, कृष्णपाल, जगदीश, हरिओम, पंडित देवकुमार शर्मा, राजेंदर जिलेदार, नवयुग शर्मा, अमित शर्मा, जगपाल शर्मा, अनिल कुमार, सुभाष शर्मा प्रेमपाल कश्यप, ओमकार कश्यप, अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे एंव कडे शब्दों में सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी कि निंदा की योगेंद्र यादव, आशुतोष, रत्नलाल, शीबा असलम, व बिलाल आदि भी मौजूद रहे।

## किसान का आरोपः कृषि भूमि पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** किसान की कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध रूप कब्जे किए जाने के विरोध में किसान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए दबंगों से भूमि विवाद को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

खेकड़ा तहसील क्षेत्र के बसी गांव के किसान ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। किसान ने आरोप लगाया कि उसकी कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है और लगातार उसे परेशान किया जा रहा है। पीड़ित किसान का कहना है कि उसने वर्ष 2022 में गांव सलावतपुर खेड़ी में करीब 6 बीघा कृषि भूमि खरीदी थी, जिस पर वह लंबे समय से खेती करता आ रहा है। किसान के अनुसार भूमि से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज और राजस्व अभिलेख उसके पक्ष में हैं। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष जबरन जमीन पर कब्जा किए हुए है और खेती करने से रोक रहा है। किसान कहना है कि जब भी वह खेत में फसल बोने या खेती का कार्य करने पहुंचता है तो दबंग लोग ट्रैक्टर चलाकर फसल खराब कर देते हैं। साथ ही जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते है। पीड़ित ने बताया कि पहले भी मामले की शिकायत प्रशासन से की गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। राष्ट्रीय जाट महासभा के पदाधिकारियों ने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संगठन के लोगों ने कहा कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ब्राह्मण समाज ने की समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** विश्वकर्मा वैदिक ब्राह्मण समाज ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 5 मई 2026 को दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित एक कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज और सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। समाज के लोगों का कहना है कि इस बयान से धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया कि ऐसे बयानों से समाज में तनाव और आपसी वैमनस्य बढ़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि राजकुमार भाटी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान समाज के कई लोग मौजूद रहे।



## पुलिस ने चेकिंग दौरान दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** चांदीनगर पुलिस ने खेकड़ा क्षेत्र में चलाए गए अपराध नियंत्रण अभियान के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, थाना चांदीनगर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने दो युवकों को रोका और उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार और चाकू बरामद हुए, जिसके बाद उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान आदिक पुत्र सलीम (निवासी नई बस्ती मुगलपुरा, अक्सा मस्जिद के पास, कस्बा बागपत, थाना कोतवाली बागपत) और शादाब पुत्र यासीन (निवासी कस्बा बागपत, थाना कोतवाली बागपत, जनपद बागपत) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना चांदीनगर में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है ताकि अवैध हथियारों के स्रोत और उनके संभावित आपराधिक उपयोग का पता लगाया जा सके।

## समय से मांगों पूरी न होने पर दी बड़ा आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी एक ज्ञापन देकर मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग की है।



जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें धरना प्रदर्शन कर रोड पर जाम किया जाएगा। इस पर किसानों ने कहना है कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कई समस्याएं उठाईं। किसानों की प्रमुख मांगों में गांगनौली से बड़ौत तक सर्विस रोड का निर्माण शामिल है। किसानों का कहना है कि सड़क की समस्या के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। इसके अलावा मोजिजाबाद नांगल गांव में कब्जाई गई। जमीन को मुक्त कराने की मांग भी की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की अनदेखी के चलते ग्रामीणों की जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। ज्ञापन में कब्रिस्तान की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। किसानों ने कहा कि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की जमीनों पर कब्जे होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि गांव में कुछ लोगों के साथ पक्षपात किया जा रहा है, जिससे माहौल खराब हो रहा है। भाकियू अराजनैतिक नेताओं ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए कहा कि यदि 15 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस दौरान संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## हरि कैसल रिसोर्ट में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मवीकलां स्थित द हरि कैसल रिसोर्ट में भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व वाला दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें वक्ताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को विचार परिवार, एकात्म मानववाद, अंत्योदय का सिद्धांत, भाजपा का इतिहास, मीडिया और सोशल मीडिया प्रबंधन, संगठन संरचना और कार्यपद्धति, कार्यकर्ता का आचरण और अनुशासन, राष्ट्र प्रथम की भावना का पाठ पढ़ाया गया। जिला प्रशिक्षण वर्ग में विचार परिवार विषय पर बोलते हुए किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजा वर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का विचार ही हमें (सबका साथ, सबका विकास) के मंत्र पर चलना



सिखाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत फिर से अपना गौरव प्राप्त कर रहा है और यही विचार आज जमीन पर उतर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि किसान, जवान और नौजवान ही राष्ट्र की असली ताकत हैं और भाजपा की नीतियां इन्हीं को केंद्र में रखकर बनती हैं। राजा वर्मा ने कहा कि आजादी से पहले विदेशी आक्रांताओं और गुलामी की जंजीरों ने हमारे स्वाभिमान को कुचलने का प्रयास किया। सोमनाथ से लेकर काशी-मथुरा तक हमारे आस्था केंद्रों पर हमले हुए। जजिया कर लगाकर, जबरन धर्मांतरण कराकर हमारी संस्कृति को मिटाने की को. शिश की गई। लेकिन हमारे विचार परिवार, हमारे गुरुओं, संतों और वीर बलिदानियों ने इस राष्ट्र की चेतना को मरने नहीं दिया।

शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह जी जैसे महापुरुष उसी प्रतिरोध की मिसाल हैं।

## बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पैट्रोल डीजल सीएनजी गैस दूध के बढाये गये दामों नीट पेपर लीक छात्रों से खिलवाड़ को लेकर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष चोधरी रामकुमार सिंह व शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व मे बडी संख्या मे कांग्रेस पदाधिकारयो कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर मे नारे बाजी की। तहसील में प्रदर्शन कर राज्यपाल को एक सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी भावना सिंह को प्रेषित किया गया।

कांग्रेस जनो ने भाजपा सरकार को किसान नोजवान आमजन व्यापारी गरीब विरोधी करार दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महासि. चव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने कहा



पैट्रोल डीजल सीएनजी गैस के बढे दामों का सबसे अधिक असर किसान मजदूर व गरीब वर्ग पर पडा है। पांच किलो का सिलेण्डर गरीब महिलाओं की आवश्यकता है। भारी मंहगाई के चलते चूल्हा बन्द हो गया है। महंगाई ने आसमान छु लिया धीरे धीरे जनता का जीना बेहाल हो जायेगा। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा जहां एक और आमजन पहले ही महंगाई से त्रस्त है। वही पैट्रोल डीजल सी एन जी गैस के दाम बढाकर महंगाई को निमन्त्रण दे दिया जिसने महिलाओं के रसोई के बजट को और बिगाड़ दिया। किसानों मजदूरों के उपर आर्थिक संकट के बादल और मडंरा गये। देश की अर्थव्यवस्था गहरे धरातल मे समा गयी। महंगाई अम्बर छूती जा रही है। कार्यकर्ताओं ने सरकार से पैट्रोल डीजल सीएनजी गैस पर बढाये दामों को वापस लेने की मांग की।

**PUBLIC NOTICE**
I, Akshra Chhabra D/O Ashok Kumar R/O Near SRT Public School New Madho Nagar, Saharanpur, PO: Sharanpur, Dist: Saharanpur, Uttar Pradesh -247001, hereby undertake that I Akshra Chhabra want to change my name to Akshu Chhabra and Gender as Male. I, Akshra Chhabra henceforth be known as Akshu Chhabra S/O Ashok Kumar. The above statement made by me is true and correct to the best of my knowledge and belief. If any legal issue arises in this regard at any stage, I will be personally responsible for the same and the Department of Publication will not be liable for any consequences arising therefrom. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

# वीआईपी फ्लीट छोड़ पैदल ही दफ्तर पहुंचे डीएम, पेश की नई नजीर



- पीएम और सीएम की मुहिम का असर: अधिकारियों व कर्मचारियों को अनावश्यक सरकारी वाहनों के उपयोग से बचने की दी सख्त हिदायत
- बच्चों को जल स्रोतों से दूर रखें, अभिभावकों से डीएम की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रधानमंत्री के ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के विशेष आह्वान तथा मुख्यमंत्री द्वारा सरक. ारी काफिलों में कमी लाने के निर्देशों का सीधा असर रामपुर में देखने को मिला। जिले के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने वीआईपी कल्चर को किनारे रखते हुए एक नई नजीर पेश की है। वह अपने सरकारी आवास से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय तक बिना किसी काफिले के पैदल ही चलकर पहुंचे। डीएम का यह कदम सिर्फ ईंधन बचाने की एक सामान्य कवायद नहीं है, बल्कि आम जनमानस से लेकर पूरे प्रशासनिक अमले को ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और संसाधनों के संयमित उपयोग के प्रति जागरूक करने का एक बेहद सशक्त संदेश है।

पैदल ही कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी ने अपने अधीनस्थों को स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने जनपद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की है कि वे शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि सरकारी वाहनों का उपयोग केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही दैनिक शासकीय कार्यों में भी ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सकारात्मक व्यवहारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संत. ुलन को एक सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए जिलाधिकारी ने रामपुर के नागरिकों से भी सीधे तौर पर जुड़ने की अपील की है। उनका कहना है कि इस पुनीत कार्य में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। यदि जिले के सभी लोग संसाधनों के प्रति जिम्मेदार बनें और छोटे-छोटे पर्यावरण-अनुकूल प्रयासों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ जनपद की परिकल्पना को पूरी तरह से साकार किया जा सकता है।

## बुजुर्ग को ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर मारने वाला आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** रविवार को लगभग सायं के 4:30 कोतवाली क्षेत्र के हरैया गांव निवासी नंदराम पुत्र फकीरचंद उम्र लगभग 70 वर्ष वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। आरोप है कि गांव के ही प्रेमपाल पुत्र धर्मवीर ट्रैक्टर ट्राली लेकर जा रहा था तभी ट्रैक्टर ट्राली से प्रेमपाल ने नंदराम के टक्कर मार दी और मौके पर मौत हो गयी। आरोपी ट्रैक्टर ट्राली मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। मृतक नंदराम के भाई अमरपाल की तहरीर पर आरोपी प्रेमपाल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें फरार आरोपी को मंगलवार की सुबह 10:00 बजे मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रेमपाल को घर से गिरफ्तार किया गया। मिलक पुलिस द्वारा न्यायालय रामपुर भेजा गया। न्यायालय के आदेश पर प्रेमपाल को जेल भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह उप निरीक्षक विकास राजपूत हेड कांस्टेबल चंचल कुमार आदि के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# गेहूं खरीद एवं उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त संस्था प्रभारियों एवं डिपो प्रभारियों के साथ गेहूं खरीद की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गेहूं खरीद, उठान एवं भण्डारण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने गेहूं क्रय केन्द्रों एवं मंडियों से गेहूं उठान की कार्य गति धीमी होने पर एफसीआई प्रभारी से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक डिलीवरी डिपो में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि डिलीवरी के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए तथा लेबर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए गाड़ियों की प्राथमिकता के आधार पर अनलोडिंग कराई जाए, जिससे गेहूं डिलीवरी का कार्य सुगमता से संपन्न हो सके और गेहूं केन्द्रों पर अनावश्यक डम्पिंग न होने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गेहूं खरीद एवं उठान कार्य में तेजी लाई जाए तथा किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। वर्तमान में जनपद में कार्यरत एजेंसियां के सापेक्ष खाद्य विभाग, यू पी एस एस द्वारा अपने लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 60=60 प्रतिशत गेहूं खरीद की जा चुकी है। अभी तक जनपद में निर्धारित लक्ष्य 43500 मीट्रिक के सापेक्ष 18170.0 मीट्रिक खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि जनपद में अब तक 42 प्रतिशत गेहूं किसानों से उठान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की रैक प्राप्त हो चुकी है तथा बारदाने की कोई समस्या नहीं है।

# रामपुर की महिलाओं का कमाल: गन्ने की पौध तैयार कर सालाना कमा रहीं 3 लाख रुपये, 12 परिवारों की संवरी आजीविका

- संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह ने तैयार की गन्ने की चार लाख उन्नत पौध, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से मिली उड़ान
- बिना किसी आय से शुरू हुआ सफर, आज गांव की 380 अन्य महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा, बैंक सखी के रूप में भी दे रहीं बेहतरीन सेवाएं



**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले के स्वार ब्लॉक स्थित भाऊपुरा गांव की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने गन्ने की नई प्रजाति की पौध (नर्सरी) तैयार करने का सफल उद्यम शुरू किया है। उद्यम शुरू करने से पहले बिना किसी आय के जीवन यापन करने वाली ये महिलाएं आज गन्ने की 4 लाख पौध का उत्पादन कर सालाना 3 लाख रुपये तक की औसत आय अर्जित कर रही हैं। इस पहल से न सिर्फ समूह से जुड़ी सभी 12 महिलाओं के परिवारों को ठोस आजीविका प्राप्त हो रही है, बल्कि उद्यम से अर्जित आय के माध्यम से वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं।

समूह की अध्यक्ष 35 वर्षीय प्रतिभा सैनी के नेतृत्व में इस उद्यम की आधारशिला रखी गई। काम शुरू करने से पहले इन महिलाओं की अपनी कोई व्यक्तिगत आय नहीं थी। उद्यम को गति देने के लिए समूह ने सीआईएफ के तहत 1,10,000 रुपये का आंतरिक ऋण और यूपी ग्रामीण बैंक (भाऊपुरा) से सीसीएल के जरिए 1,50,000 रुपये का बाह्य ऋण प्राप्त किया। इन्हीं पैसों और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर आज यह समूह गन्ने की नई प्रजाति की पौध का निर्माण कर रहा है, जिससे समूह को सालाना औसतन तीन लाख रुपये की आमदनी हो रही है।

गन्ने की पौध तैयार करने के लिए महिलाएं पारंपरिक तरीके की जगह वैज्ञानिक और उन्नत विधि का इस्तेमाल कर रही हैं। शाहजहांपुर अनुसंधान केंद्र से मिली ट्रेनिंग का फायदा उठाते हुए महिलाएं सबसे पहले उन्नत बीजों (जैसे-17231, 14201, 0118) का चयन करती हैं। इसके बाद गन्ने की आंख (बड) निकालकर उसे गोबर की खाद, कोकोपीट और जैविक खाद (ट्राइकोडर्मा) के मिश्रण के साथ प्लास्टिक ट्रे में रोपा जाता है। उचित समय पर सिंचाई और देखभाल के बाद जब पौध तैयार हो जाती है, तो चीनी मिलों के सुपरवाइजरों के समन्वय और अपने स्तर पर मार्केटिंग के जरिए इसे सीधे किसानों तक पहुंचाया जाता है।

सफलता की यह डगर इन ग्रामीण महिलाओं के लिए इतनी आसान नहीं थी। शुरुआती दौर में महिलाओं को उन्नत बीज, खाद और मजदूरी के लिए पूंजी जुटाने में कई आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। काम को और अधिक विस्तार देने के लिए समूह सीएम युवा योजना के तहत ऋण लेने का प्रयास कर रहा है, लेकिन बैंक के स्तर पर कोटेशन और मार्जिन मनी जैसी कागजी व तकनीकी दिक्कतों के चलते इसमें रुकावटें आ रही हैं। तमाम अड़चनों के बावजूद महिलाओं ने हिम्मत नहीं हारी है और अपने हौसले से उद्यम को लगातार आगे बढ़ा रही हैं।

प्रतिभा सैनी और उनके समूह की यह सफलता आज पूरे भाऊपुरा और आसपास के गांवों में एक मिसाल बन गई है। उनकी इस आत्मनिर्भरता को देखकर गांव की लगभग 350 से 380 अन्य महिलाएं भी प्रेरित होकर विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं। ये महिलाएं अब अपनी सुविधानुसार चटाई, पत्तल और दोने बनाने जैसे अन्य कुटीर उद्योगों से जुड़कर स्वावलंबी बन रही हैं। खेती-किसानी के उद्यम से इतर, अध्यक्ष प्रतिभा सैनी गांव में बैंक सखी के रूप में भी बेहतरीन सेवाएं दे रही हैं। बीते साल 110 और इस साल अब तक 60 से अधिक बैंक खाते खोलकर वह बैंकिंग सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचा रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह कमीशन के रूप में एक अच्छी अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि भाऊपुरा गांव की इन महिलाओं ने शून्य से शुरुआत कर जो मुकाम हासिल किया है, वह पूरे जिले के लिए महिला सशक्तिकरण की एक शानदार मिसाल है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य ही ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। गन्ने की पौध तैयार करने के इनके उन्नत तरीके से न केवल स्थानीय किसानों को अच्छी फसल का लाभ मिलेगा, बल्कि महिलाओं की आजीविका भी और सुदृढ़ होगी। समूह को ऋण लेने या सब्सिडी मिलने में जो भी तकनीकी या कागजी अड़चनें आ रही हैं, जिला प्रशासन स्तर से उसकी समीक्षा कर जल्द ही निस्तारण कराया जाएगा। प्रशासन जिले की हर महिला को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# पत्नी से चल रहे विवाद के बीच युवक ने खाया विषैला पदार्थ, मौत

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना कटघर जिला मुरादाबाद निवासी 40 वर्षीय नंदकी उर्फ नंदकिशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में विषैला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार नंदकी उर्फ नंदकिशोर का विवाह करीब आठ वर्ष पूर्व बाबूराम की पुत्री पूजा निवासी बरबलान, शाहबाद के साथ हुआ था। दोनों का एक सात वर्षीय बेटा भी है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले काफी समय से पारिवा. रिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते पूजा पिछले करीब चार वर्षों से अपने मायके बरबलान में रह रही थी। सोमवार सुबह नंदकिशोर मुरादाबाद से शाहबाद पहुंचा था। बताया जाता है कि शाम के समय उसने किसी बात से परेशान होकर विषैला पदार्थ खा लिया।

इसी बीच पूजा कोतवाली शाहबाद पहुंची और पुलिस को सूचना दी कि उसका पति उसे धमकी देकर कहीं चला गया है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने हल्का इंचार्ज एसआई रमेश चंद्र को मौके पर जांच के लिए भेजा। पुलिस क्षेत्र में तलाश कर रही थी कि तभी एसआई रमेश चंद्र को नंदकिशोर सराफा मार्केट में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर पुलिस ने पूजा को सूचना देकर बुलाया। इसके बाद एंबुलेंस की सहायता से नंदकिशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही नंदकिशोर ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में को. हराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामपुर भेज दिया। देर रात तक परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच चुके थे। जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन था और 16 मई को दोनों का फैसला रामपुर न्यायालय में होना था, लेकिन न्यायाधीश के न बैठने के कारण सुनवाई टल गई थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मगरमऊ स्थित बाला दरबार में रामायण पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के मगरमऊ गांव में बाला जी महाराज दरबार स्थित मंदिर परिसर में सोमवार को अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। इस दौरान दरबार के महंत राम चरन लोधी ने बिधि-बिधान से पूजा-अर्चना की, बताया मंगलवार को रामायण का समापन होगा। जिसके बाद जागरण का आयोजन कराया जायेगा और विशाल भंडारा कराया जा रहा है। इस मौके पर दूर दराज से आए सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

## नाली टूटी होने से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, मंदिर आने वाले श्रद्धालु भी परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** तहसील शाहबाद क्षेत्र के मोहल्ला नालापार वार्ड नंबर 07 में टूटी नाली की वजह से गंदे पानी की निकासी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नाली टूटने से गंदा पानी सड़कों और घरों के आसपास जमा हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने इस समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है। मोहल्लावासियों का कहना है कि नाली लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। गंदा पानी सड़कों पर बहने से पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है और लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

खास बात यह है कि टूटी नाली के ठीक सामने मंदिर स्थित है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी और कीचड़ के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। नाराज मोहल्लावासियों ने प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और टूटी नाली की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आम लोगों और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

## दो लोग सड़क हादसे में घायल, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार राजीव सागर पुत्र स्वराज सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी सुनरासी जनपद बरेली अपनी ससुराल गांव जागेश्वर आए हुए थे। बताया जाता है कि जब वह अपने सांडू कुंवर सिंह निवासी जागेश्वर के साथ रामपुरा के पास से गुजर रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए दोनों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सीएचसी शाहबाद में गंदगी का अंबार, मरीज परेशान











**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बदहाल दिखाई दे रही है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति अस्पताल के शौचालयों की बताई जा रही है, जहां गंदगी भरी हुई है और दुर्गंध के कारण लोगों का वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा है।

अस्पताल आने वाले मरीजों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंचते हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। शौचालयों की नियमित सफाई न होने के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कई मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि मजबूरी में उन्हें गंदे शौचालयों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतें हो रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मरीजों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। जगह-जगह कूड़ा और गंदगी दिखाई दे रही है, जिससे अस्पताल की छवि भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्रीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अस्पताल में नियमित साफ-सफाई कराने, शौचालयों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मरीजों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो मरीजों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

# चेन्नई ने हैदराबाद को 181 रन का टारगेट दिया

## तेज शुरूआत के बाद लड़खड़ाए चेन्नई सुपरकिंग्स के शेर, हैदराबाद के गेंदबाजों ने की कसी हुई गेंदबाजी

**ब्रेविस ने 44 रन बनाए, कमिंस को 3 और साकिब को 2 विकेट**


**चेपाक, वार्ता।** आईपीएल सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 181 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई ने चेपाक में टॉस जीतकर 20 ओवर में 7 विकेट पर 181 रन बनाए। चेन्नई की शुरुआत शानदार रही, संजू सैमसन ने सिर्फ 13 गेंदों में 27 रन ठोक दिए।

इसके बाद कार्तिक शर्मा ने 19 गेंदों पर 32 रन की तेज पारी खेली, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंदों में 44 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में शिवम दूबे ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में पैट कमिंस सबसे सफल रहे। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 28 रन



देकर 3 बड़े विकेट झटके। साकिब हुसैन ने 2 विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और प्रफुल हिंगे को 1-1 सफलता मिली। ईशान मलिंगा ने डेथ ओवर्स में हैदराबाद को बड़ी सफलता दिलाई। शानदार लय में दिख रहे डेवाल्ड ब्रेविस 27 गेंदों में 44 रन बनाकर बोल्ड हो गए। मलिंगा की लेंथ गेंद पिच से तेजी के साथ अंदर आई। ब्रेविस ने उसे लेग साइड में खेलने की को. शिश की, लेकिन गेंद की रफ्तार से चकमा खा गए और स्टंप्स बिखर गए। ब्रेविस ने 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से तेज पारी खेली, हालांकि वह अपने अर्धशतक से चूक गए। कमिंस ने अपने स्पेल का शानदार अंत किया। आखिरी ओवर में कुछ रन जरूर गए, लेकिन उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 बड़े विकेट हासिल किए। 12वें ओवर में कमिंस ने गायकवाड का बड़ा विकेट हासिल कर लिया। कमिंस की शार्ट गेंद पर गायकवाड पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और हवा में चली गई। ईशान मलिंगा ने आसान कैच पूरा किया। गायकवाड 21 गेंदों में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में कमिंस ने एक बार फिर बड़ा विकेट निकालकर हैदराबाद को मैच में मजबूत वापसी दिलाई। कार्तिक शर्मा 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हो गए। कमिंस ने 117 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धीमी बैक-आफ-लेंथ गेंद डाली। कार्तिक ने ऑफ साइड पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद में पर्याप्त गति नहीं थी। उनका शाट सीधे डीप कवर पर खड़े नीतीश रेढी के हाथों में गया, जिन्होंने दाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। कमिंस का मैच में यह दूसरा विकेट रहा। चेन्नई ने 8 ओवर के बाद 79/2 का स्कोर बना लिया है। कार्तिक शर्मा ने प्रफुल हिंगे के ओवर में कार्तिक ने 16 रन बटोर लिए।

## कामी ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई करके रिकॉर्ड तोड़ा



**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के जाने-माने पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई कर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने के अपने विश्व रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। नेपाल के पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 55 साल के कामी रीता स्थानीय समयानुसार सुबह 10:12 बजे 8,848-86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। विभाग ने कहा कि कोमोलांगमा आधार शिविर में डिपार्टमेंट के फील्ड ऑफिस से मिली जानकारी के आधार पर, यह चढ़ाई 14 पीक्स एक्सपीडिशन के एक ग्रुप को लीड करते हुए पूरी की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके सबसे करीबी कॉम्पिटिटर पासंग दावा शेरपा हैं, जो माउंट कोमोलांगमा की चोटी पर 29 बार पहुंच चुके हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी और तब से वे दुनिया भर में पर्वतारोहण करने वाले सबसे मशहूर लोगों में से एक बन गए हैं।

# सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय

## राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए, यशस्वी ने टी-20 क्रिकेट में 4 हजार रन पूरे किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के 62वें मैच में राजस्थान रायल्स को 5 विकेट से हरा दिया। वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। वहीं, केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए। राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 44 छक्के लगा चुके हैं।

वे किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा का 42 छक्कों का रिकार्ड पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन तीसरी बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। आईपीएल इतिहास में एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले





बल्लेबाजों की सूची में अब उनका नाम भी शामिल हो गया है। उनसे पहले शाहरुख खान ने 2023, सुनील नरेन 2025, देवदत्त पडीक्कल 2026 में ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में यह 8वीं बार रहा, जब वैभव ने अपनी पारी की शुरुआत सिक्स से की। राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 से ज्यादा रन पूरे किए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 500 रन वाले सीजन खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस मामले में सिर्फ विराट कोहली उनसे आगे हैं। राहुल ने लगातार तीसरे आईपीएल सीजन में 500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2024, 2025 और 2026 में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले राहुल 2018 से 2022 तक लगातार 5 सीजन 500 प्लस रन बना चुके हैं। दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान के खिलाफ एक और बड़ी पारी खेलते हुए आईपीएल में अपना 9वां 50 प्लस स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकार्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने आरआर के खिलाफ 8 बार 50प्लस स्कोर बनाए थे। राहुल ने यह उपलब्धि सिर्फ 19 पारियों में हासिल की। राहुल आईपीएल इतिहास में 50 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले सिर्फ पां. चवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में विराट कोहली सबसे आगे हैं, जिनके नाम 76 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं। राहुल और अभोक पोरेल ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ 105 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह राजस्थान के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चौथी 100 प्लस रन की साझेदारी रही। राजस्थान रायल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए।

उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। वह सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। वह आईपीएल में आरआर के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले दूसरे दिल्ली तेज गेंदबाज बने। इससे पहले उमेश यादव ने 2013 में इसी मैदान पर 4/24 का स्पेल डाला था। राजस्थान रायल्स के कप्तान रियान पराग ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी रही। उन्होंने 13.2 ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

**खेल विशेष**

### भारत मलेशिया मास्टर्स में 26 सदस्यीय टीम उतारेगा

**कुआलालंपुर, वार्ता।** पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने वाली 26 सदस्यों वाली भारतीय टीम में सबसे बड़े आकर्षण होंगे। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में कल से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स से पीवी सिधु के हटने और पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाले डबल्स स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के नहीं खेलने के फैसले के साथ, भारत टूर्नामेंट में अधिकतर युवा टीम उतारेगा। पुरुषों के एकल में, लक्ष्य को आठवीं सीड दी गई है और मेन ड्रॉ में उनके साथ 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन एचएस प्रणय, किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली होंगे। एस शंकर मुथुसामी क्वालिफायर से शुरुआत करेंगे।

### पहलवान महेंद्र पृथ्वीराज को हराकर 'हिंद केसरी' बने


**कोल्हापुर, सतारा, वार्ता।** महाराट्र के पहलवान महेंद्र गायकवाड़ ने सतारा के छत्रपति शाहू स्टेडियम में हुई दो दिन की 52वीं हिंदी केसरी कुश्ती चैंपियनशिप में पृथ्वीराज मोहोल को हराकर मशहूर 'हिंद केसरी' का खिताब जीता। राजेश्वर प्रतिठान और तालीम संघ ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया। सतारा में पहली बार यह कुश्ती चैंपियनशिप खेली गई। 'हिंद केसरी' खिताब के लिए एक फाइनल कुश्ती मुकाबला कल देर रात 12 बजे के बाद हुआ, जिसमें बहुत कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें पृथ्वीराज मोहोल घायल हो गए और आगे खेलने से मना कर दिया। इसी आधार पर, रेफरी ने गायकवाड़ को हिंदी केसरी खिताब का विजेता घोाित किया। महिलाओं के ग्रुप में, काजल दोचक (हरियाणा) ने खुशी दलाल (दिल्ली) को पॉइंट्स के आधार पर हराकर 'महिला हिंदी केसरी' का खिताब जीता।

### उ. कोरिया ने रिकॉर्ड पांचवां एएफसी अंडर17 एशियन कप खिताब जीता

**सूजौ, वार्ता।** यू जोंग हयांग के चार गोल की मदद से उत्तर कोरिया ने जापान को 5-1 से हराकर एएफजी अंडर17 महिला एशियन कप का खिताब अपने नाम किया। यू ने रविवार को सूजौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 30वें मिनट में स्कोरिग शुरू की, एक क्रॉस को चेस्ट करके गोल किया, जब एक टीममेट का शॉट स्कफ हो गया था। उन्होंने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद जापानी गोलकीपर के ऊपर से लॉब फिनिश करके बढ़त दोगुना कर दिया। जापान ने 53वें मिनट में युमी हयाशी के जरिए एक गोलकर वापसी का प्रयास किया किया, लेकिन यह स्थिति सिर्फ दो मिनट तक ही रही क्योंकि किम वोन सिम ने यू की मदद से उत्तर कोरिया की दो गोल की बढ़त वापस दिला दी।

# एमएस धोनी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) के रीजनल हब पहुंचे। यहां उन्होंने सब-मशीनगन चलाई और पिस्टल से निशाना लगाया। 44 साल के धोनी ने कमांडोज और उनके परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं न। इस पर जवानों ने कहा- पिछली बार से ज्यादा फिट लग रहे हैं। रविवार को धोनी ने कहा- जैसे-जैसे टाइम बढ़ता है, मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। वे 2023 में भी एनएसजी कैंप में शामिल हो चुके हैं।



धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वे चोटिल होने के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। आज चेन्नई में सीएसके के आखिरी मैच में उनके खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वे पैराशूट रेजीमेंट की 106 पैरा टेरिटोरियल आर्मी बटालियन का हिस्सा हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना के साथ दो हफ्ते की ट्रेनिंग भी की। बाद में उनका बूट पालिश करते हुए फोटो भी सामने आया था। चेन्नई को आज सनराइजर्स हैदराबाद के साथ चेपक स्टेडियम में खेलना है। उम्मीद लगाई जा रही है कि धोनी इसमें खेल सकते हैं।

# भुवनेश्वर ने पर्पल कैप बढ़त मजबूत की

**कोहली, राहुल ऑरेंज कैप तालिका में आगे बढ़े**

**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रॉयल चैलेंजर्स बनाम पंजाब किंग्स तथा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार खेले गए मुक. ाबलों के दौरान जहां भुवनेश्वर कुमार ने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटक कर पर्पल कैप तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।






वहीं ऑरेंज कैप सूची में विराट कोहली और केएल राहुल भी आगे बढ़े है। भुवनेश्वर कुमार का पंजाब किंग्स के खिलाफ भी विकेट लेने का सिलसिला जारी रहा है और उन्होंने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य एवं प्रभसिमरन सिंह को पहले एवं तीसरे ओवर में ही आउट कर दिया। उन्होंने 38 रन देकर दो विकेट लिए। जहां उनकी इस सीजन इकॉनमी 7-70 है तो वहीं इस मैच में उन्होंने 9-50 की इकॉनमी से रन खर्च किए। इन दो विकेटों के साथ उनके इस सीजन 24 विकेट हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर मौजूद कगिसो रबाडा से तीन अधिक हैं। इसके अलावा वह चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से पांच विकेट आगे हैं। शाम वाले मैच में जोफ्रा आर्चर ने 35 रन देकर दो विकेट लिए और बेहतरीन वापसी की। आर्चर 17 विकेट के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। चार अन्य गेंदबाजो के नाम 16 विकेट हैं। ऑरेंज कैप सूची में आरसीबी के विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली और कूपर कॉनली ने भी 22 गेंदों में 37 रन बनाए।

दोनों ने बल्लेबाजों पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोहली के इस सीजन 542 रन हो चुके हैं और वह शीर्ा दो पर मौजूद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) के करीब आ गए हैं। कॉनली के अब 473 रन हैं और वह आठवें स्थान पर हैं। दिन के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराया जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और केएल राहुल ने 42 गेंदों में 56 रन बनाए। इस पारी के साथ ही राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाइनरिक क्लासन को पांचवें स्थान पर धकेल दिया और खुद 533 रनों के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। 486 रनों के साथ सूर्यवंशी छठे स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड के एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब

**पेन्सिलवेनिया, वार्ता।** इंग्लैंड के एरॉन राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस पीजीए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा खिताब है। वह एक सदी से ज्यादा समय में वानामेकर ट्रॉफी जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी है। और एक दशक में जीतने वाले पहले गैर-अमेरिकी है।

पिछले चार दिनों में जिस कोर्स सेट-अप ने कई लोगों के दिमाग को उलझाया हुआ था, उस पर 31 साल के राय ने रविवार के आखिरी राउंड में साफ और शांत होकर खेला। वॉल्वरहैम्प्टन में जन्मे राय ने खुद को लीड में लाने के बाद, एक जादुई पल ने यह पक्का कर दिया कि वे गोल्फ की दुनिया में हमेशा याद किए जाएंगे। 17वें ग्रीन पर 69 फुट का पुट लगाकर - जो पूरे हफ्ते का दूसरा



सबसे लंबा पुट था, जीत लगभग पक्की कर दी। इससे राय, जो कभी किसी मेजर में टॉप 10 में नहीं रहे थे, को शानदार फाइव-अंडर-पार 65 का स्कोर बनाने और कुल मिलाकर नौ अंडर पर रहने में मदद मिली। यह स्पेन के दो बार के मेजर चैंपियन जॉन रहम और अनजान अमेरिकी एलेक्स स्माले - जो रातों-रात लीडर बने थे, से तीन शॉट आगे रहने के लिए काफी था, जो संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। राय ने कहा, यह बहुत अजीब है, जिन्हें इस साल गर्दन की चोट के कारण कई बार अभ्यास करने में दिक्कत हुई है। यह एक निराशाजनक सीजन रहा है, इसलिए यहां खड़ा होना मेरी सोच से भी परे है। रहम और स्माले के पीछे, अमेरिका के दो बार के चैंपियन जस्टिन थॉमस, स्वीडन के लुडविग एबर्ग और कम जाने-माने जर्मन मैथियास शिमड के बीच पांच अंडर पर तीन-तरफा टाई था। पूर्व वर्ल्ड नंबर एक थॉमस ने पांच-अंडर 65 के बाद शुरुआती टारगेट पोस्ट किया था, फिर क्लब हाउस में बैठकर सब्र से इंतजार किया, और जीतने के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद की।

हवा वैसी तेज नहीं हुई जैसी थॉमस ने उम्मीद की थी। फिर भी, पेन्सिलवेनिया की धूप में बहुत ज्यादा ढलान वाले ग्रीन्स मजबूत थे और मोटी रफ लगातार पेनल्टी वाली थी, इसलिए स्कोरिग के मौके कम ही रहे। पूरे हफ्ते ऐसा लगा कि जो स्ट्रेटेजिक सोचेगा वही जीतेगा, और राय, जो टूर पर अपनी मेहनत के लिए जाने जाते हैं, ने ध्यान से जीत का रास्ता बनाया। टी से अपनी बॉल को फेयरवे पर रखना एक असरदार टैक्टिक साबित हुई।

# महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**कहा: युजवेंद्र को एक अच्छे दोस्त की जरूरत थी, मैं दोस्ती अच्छे से निभाती हूं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर आरजे महवश ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्शन दिया। महवश ने कहा कि उनके और चहल के बीच सिर्फ दोस्ती थी। हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफालो किया था, जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गईं। इस पर महवश ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कहा, श्लोगों का यह है ना कि चीजों को बहुत बड़ा बना देते हैं।

इतनी कोई बड़ी बात नहीं होती, जब आप खुद उस चीज से गुजर रहे होते हो। दोस्तों में बहस हो गई, अनफालो हो गया और बात खत्म। इसमें इतनी बड़ी बात है ही नहीं। उन्होंने कहा कि जिन दोस्तों के साथ आपने छोटी-छोटी बातों पर हंसते हुए वक्त बिताया हो, उनके लिए दिल में बैर नहीं रखना चाहिए।

मैं हमेशा उन्हें आल द बेस्ट विश करूंगी और मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ रहेंगी। साल 2025 में चहल और धनश्री के तलाक के बाद चहल और महवश को कई बार साथ देखा गया, जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चा होने लगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी और चहल की दोस्ती से बढ़कर भी कुछ था, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। महवश ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं था। मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं। उस समय उन्हें एक अच्छे दोस्त की बहुत जरूरत थी।' महवश ने चहल के मेंटल स्ट्रगल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि उन्होंने अपने पाडकास्ट में बताया था कि उनके मन में सुसाइडल थाट्स आ रहे थे। उस समय हम सब कोशिश कर रहे थे कि किसी तरह उनका आईपीएल सीजन अच्छे से निकल जाए। हम सबने मिलकर उनका जितना साथ दे सकते थे, दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि मेरे लिए बस इतना था कि अपने दोस्त के साथ खड़े रहना है। हम ऐसे वक्त में उनके साथ थे। महवश ने यह भी साफ किया कि अगर आगे उनकी और चहल की मुलाकात होगी, तो सब पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हम वैसे ही मिलेंगे जैसे हमेशा मिलते थे।

# सम्पादकीय

## परीक्षा में सुधार जरूरी

नीट पेपर लीक केस में सरकार एक्शन मोड में दिख रही है और वह इस मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारी कर रही है। लेकिन अगर लीक होने से पहले ही इसका पता चल जाता, तो बेहतर होता। क्योंकि विपक्ष सरकार पर हमलावर हो रहा है और कह रहा है कि सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दिया है। विपक्ष का यह आरोप सही भी है, क्योंकि आज के युवा ही कल के भारत के कर्णधार हैं। अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे। अगर ऐसा हुआ, तो सरकार अधिकारी कहां से लाएगी। इसलिए सरकार को इस बात पर गंभीर मंथन करना चाहिए और ऐसी नीति बनानी चाहिए कि पेपर लीक ही न हों। हालांकि सरकार ने सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी कर ली है और सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सरकार को अब और मजबूती के साथ प्रतियोगी परीक्षाएं करवानी होंगी। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली रोकने के लिए एन्क्रिप्टेड डिजिटल पेपर लागू करनी चाहिए, जिसमें परीक्षा से कुछ मिनट पहले ही केंद्र पर पासवर्ड के जरिए पेपर प्रिंट हों। इसके अलावा एआई आधारित सीसीटीवी मॉनिटरिंग और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन जैसे कदम बहुत जरूरी हैं। प्रश्न पत्रों को ब्लॉकचेन तकनीक और एन्क्रिप्शन के जरिए डिजिटल लॉक किया जाए। कंप्यूटर-बेस्ड टेस्टिंग मोड या हाइब्रिड मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, जिससे शारीरिक रूप से पेपर ले जाने की आवश्यकता न पड़े। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम के तहत सख्त सजा (10 साल तक की कैद और भारी जुर्माना) सुनिश्चित की जाए। पेपर ले जाने वाले सभी वाहनों की लाइव जीपीएस ट्रैकिंग हो और वे पुलिस सुरक्षा में रहें। डबल-लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग-रूम में पेपर रखे जाएं और सीसीटीवी कैमरों की सीधी निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से हो। बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट्स, आइरिस स्कैन (आँखों की स्कैनिंग) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस सीसीटीवी का उपयोग हो, ताकि सॉल्वर गैंग या मुन्ना भाई जैसे फर्जी उम्मीदवारों को पकड़ा जा सके। परीक्षा केंद्रों के आवंटन में लॉटरी सिस्टम अपनाया जाए और कोचिंग संस्थानों से जुड़े केंद्रों को बाहर रखा जाए। एक स्वतंत्र और केंद्रीय निगरानी संस्था का गठन किया जाए, जो परीक्षा के हर चरण (पेपर सेटिंग से लेकर रिजल्ट तक) की ऑडिट कर सके और परीक्षा प्रक्रिया में इंसानी दखल को कम से कम करके पूरी तरह से स्वचालित और केंद्रीकृत व्यवस्था बनाई जाए, ताकि ऐसी परीक्षाओं में सुधार हो सके। इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे, उनका भविष्य खराब होगा।

## श्रीमुख से...

### अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए



सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे, भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए, ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए, जनहित में बनाए गए कानूनों का अनुपालन सभी धर्मों के लोगों पर एक समान रूप से होना चाहिए,संविधान और कानून की मान-मर्यादा बनाए रखना जरूरी है।

**सुश्री मायावती, अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

## तेल से लेकर महंगाई तक की बढ़ेगी मार

ईरान युद्ध की वजह से दुनिया में ऊर्जा संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। यह संकट एक नए और ज्यादा खतरनाक दौर में पहुंचता दिख रहा है। दुनिया के करीब 80 देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए इमरजेंसी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सबसे बड़ी चिंता होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है, जहां से तेल और गैस की सप्लाई अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है। फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में इसे लेकर चेतावनी दी है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर भारी उछाल आ सकता है।



फंड मैनेजमेंट कंपनी एबरडीन के मुख्य अर्थशास्त्री पाल डिगल ने कहा कि उनकी टीम ऐसे हालात पर नजर रख रही है, जिसमें ब्रेंट क्रूड आयल 180 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कई देशों में महंगाई तेजी से बढ़ेगी और मंदी का खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया फिलहाल उधार के समय पर चल रही है। गर्मी का मौसम शुरू होने के कारण एयर कंडीशनर का इस्तेमाल और हवाई यात्राएं बढ़ रही हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल और कच्चे तेल की मांग तेजी से बढ़ रही है। दूसरी तरफ दुनिया भर में तेल का भंडार रिकॉर्ड स्तर पर तेजी से घट रहा है। आस्ट्रेलिया ने ईंधन और खाद के भंडार बढ़ाने के लिए 10 अरब डॉलर खर्च करने का फैसला किया है। फांस ने कहा है कि वह अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मदद का दायरा और बढ़ाएगा। वहीं भारत ने लोगों से अपील की है कि वे सोना कम खरीदें और विदेश यात्राओं से बचें, ताकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी आईईए के मुताबिक, मार्च के अंत तक 55 देशों ने इमरजेंसी कदम उठाए थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 76 हो गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आने वाले कुछ हफ्तों में युद्ध खत्म नहीं हुआ और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह नहीं खुला, तो दुनिया मंदी की तरफ जा सकती है। यूरोपीय संघ के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्तास ने भी कहा कि हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। आईईए के मुताबिक मार्च से जून के बीच दुनिया में तेल की खपत उत्पादन से करीब 60 लाख बैरल प्रतिदिन ज्यादा रही है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कमी 80 से 90 लाख बैरल प्रतिदिन तक हो सकती है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकारें और कंपनियां अपने पुराने तेल भंडार तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया के तेल भंडार में करीब 38 करोड़ बैरल की कमी आ चुकी है। सरकारें अपने इमरजेंसी रिजर्व से रोज 20 लाख बैरल से ज्यादा तेल बाजार में भेज रही हैं, लेकिन यह व्यवस्था जुलाई तक खत्म हो सकती है। अगर हालात और बिगड़े तो कई देशों में पेट्रोल-डीजल की राशनिंग शुरू हो सकती है। फैक्ट्रियां बंद हो सकती हैं और सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ सकता है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही है। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि मांग कम करने के लिए कीमतों का और ज्यादा बढ़ना पड़ सकता है। पाकिस्तान, श्रीलंका और फिलीपींस जैसे देशों में पहले से ईंधन संकट दिखने लगा है। इन देशों ने अस्थायी तौर पर चार दिन का वर्किंग वीक लागू किया है। सबसे ज्यादा असर पेट्रोकेमिकल और एविएशन सेक्टर पर पड़ रहा है। कई रिफाइनरी कंपनियां महंगा तेल खरीदने से बच रही हैं और पुराने स्टाक का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि युद्ध जल्द खत्म होगा। हालांकि कुछ अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में तेल की सप्लाई सुधर सकती है और कीमतें फिर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ सकती हैं। लेकिन अगर तेल 150 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर गया, तो दुनिया को भारी महंगाई, सप्लाई संकट और मंदी का सामना करना पड़ सकता है।

### पांच शर्तों की वजह से अमेरिका-ईरान में नहीं बन रही बात

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अभी भी कम नहीं हुआ है। युद्धविराम के बाद दोनों देश फिर से शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने एक-दूसरे के सामने सख्त शर्तें रख दी हैं। ईरान की फर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के सामने पांच बड़ी मांगें रखी हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने पास मौजूद 400 किलो हाई-एनरिच्ड यूरेनियम सौंप दे। अमेरिका का कहना है कि ईरान सिर्फ एक न्यूक्लियर फैसिलिटी चालू रखे और बाकी परमाणु गतिविधियों को सीमित करे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका युद्ध में हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। इसके अलावा अमेरिका ईरान की विदेशों में जमा पूरी रकम भी वापस करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका 25: से भी कम राशि जारी करना चाहता है। अमेरिका की एक और शर्त यह है कि बातचीत के दौरान क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां कम की जाएं और आगे की कार्रवाई बातचीत की प्रगति के हिसाब से तय हो। इसके जवाब में ईरान ने भी अपनी पांच शर्तें रख दी हैं। ईरान ने कहा है कि वह तभी बातचीत करेगा जब पूरे क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई बंद होगी। खासतौर पर लेबनान में चल रही सैन्य गतिविधियां खत्म करनी होंगी। ईरान ने अमेरिका से सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाने की मांग की है।

## केरलम: सतीशन ने वेणुगोपाल को पछाड़ा

केरलम के नए मुख्यमंत्री की रेस में सतीशन के अलावा वरिष्ठ नेता के। सी। वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला भी शामिल थे, लेकिन लगातार मंथन के बाद सतीशन के नाम पर मुहर लगी। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही सहयोगी दलों ने खुलकर सतीशन का समर्थन किया था। उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस (जोसेफ) जैसे सहयोगी दलों का भी समर्थन था। दोनों दल खुलकर सतीशन के समर्थन में थीं। मुख्यमंत्री की रेस में वेणुगोपाल को पीछे छोड़ने वाले सतीशन केरलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रख्यात वकील भी हैं। वकालत की दुनिया से सक्रिय राजनीति में आए सतीशन के बारे में कहा जाता है कि वह अपने कार्यकर्ताओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। वह जमीनी स्तर पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। वह एर्नाकुलम जिले की परावुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। साल 2001 में वह परावुर सीट से पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद से वह इस सीट पर लगातार अजेय बने रहे। सतीशन ने 2001 में पहली जीत हासिल करने के बाद 2006, 2011, और 2016 में भी जीत हासिल की। फिर 2021 के चुनाव में विजय हासिल करने हुए जीत का पंजा लगाया। 2026 में उन्होंने इस सीट पर अपनी छठी सीट पर जीत दर्ज कराई। शुरुआत में परावुर सीट नार्थ परावुर सीट हुआ करती थी। हालांकि वह स्कूली जीवन से ही छात्र राजनीति में आ गए थे और



लगातार सक्रिय रहे। वह MG यूनिवर्सिटी यूनियन के चेयरमैन रहे, जो कांग्रेस की युवा शाखा, केरल स्टूडेंट्स यूनियन का प्रतिनिधित्व करती है। बाद में वे कांग्रेस की राष्ट्रीय छात्र शाखा छैन्‍ के सचिव बने। वह मजदूर नेता भी रहे। वे कोचीन के औद्योगिक क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक श्रमिक संघों के अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस के अंदर उनकी सक्रियता भी लगातार बनी रही। सथीसन केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी सदस्य होने के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस विधायक दल के व्हिप भी रहे हैं। सतीशन को किताबों का भी शौक है। वह प्रकृति प्रेमी भी हैं और उन्हें ट्रेकिंग करना भी पसंद हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा नेटूर और पनांगड से पूरी की, जबकि आगे कालेज की पढ़ाई कोचीन और तिरुवनंतपुरम से पूरी की। भावी मुख्यमंत्री ने अपनी डिग्री स्तर की पढ़ाई एर्नाकुलम के थेवारा स्थित सेक्रेड हार्ट कालेज से हासिल की, फिर उन्होंने राजगिरी कालेज ऑफ़ सोशल साइंसेज से सोशल सर्विस में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया। इसके बाद वह तिरुवनंतपुरम आ गए और ला एकेडमी से स्स्ठ की डिग्री हासिल ली फिर यहीं पर गवर्नमेंट ला कालेज से स्स्ड भी पूरा किया। वे एक बेहतरीन वक्ता हैं और उन्होंने केरल विधानसभा में कई अहम मुद्दे उठाए हैं। चुनाव हलफनामे के अनुसार, एडवोकेट सतीशन के पास 6।7 करोड़ रुपये की संपत्ति है जबकि उन पर 41।5 लाख रुपये की देनदारी भी है। उन्होंने अपनी वार्षिक आय 2।8 लाख रुपये बताई है। हलफनामे के अनुसार उनके खिलाफ 18 लंबित आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 7 मामले गंभीर प्रकृति के हैं। केरल के मुख्यमंत्री के नाम को चुनने में देरी पर पीएम मोदी के बयानों पर कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने जवाब दिया है। चेन्निथला ने पीएम मोदी को याद दिलाया कि बीजेपी ने खुद दिल्ली में सीएम चुनने में 50 दिन लगाए थे। उन्होंने कांग्रेस को लोकतांत्रिक बताया और कहा कि बीजेपी में हाई कमान ही सभी फैसले लेता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पीएम मोदी को दिल्ली में अपनी ही पार्टी के में हुई देरी लीडरशिप चुनने के इतिहास को लेकर शायद याददाश्त चली गई है। केरल के मुख्यमंत्री के चुनने में हो रही देरी को लेकर पीएम के तंज का उन्होंने जवाब दिया। चेन्निथला ने कहा कि भाजपा ने खुद दिल्ली में अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को चुनने में 50 दिनों की देरी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पार्टी के कामकाज में एक पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करती है। कांग्रेस में किसी तरह की 'तानाशाही' व्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है। इसके विपरीत भाजपा में पीएम मोदी और अमित शाह ही पार्टी के सभी फैसले लेते हैं। चेन्निथला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद रखना चाहिए कि दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करने में उन्हें 50 दिन लगे थे। अब जाकर मुझे एहसास हुआ है कि पीएम मोदी की याददाश्त शायद कमजोर हो गई है।

## चीन यात्रा को लेकर खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं डोनाल्ड ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय चीन के दौरे को लेकर अब तक खुलकर नहीं बोल रहे हैं। ट्रम्प जब तीन दिन के चीन दौरे पर रवाना हो रहे थे, तब उनकी हालत देखकर चीन के लोगों को माओत्से तुंग की बात याद आ रही थी। बात सितम्बर 1958 की है। ताइवान पर कब्जा करने के लिए चीन ने हमला किया था और अमेरिका ने ताइवान की मदद के लिए अपनी नौसेना का बेड़ा साउथ चाइना सी में उतार दिया था।

उस वक्त माओत्से तुंग ने कहा था कि अगर अमेरिका ने अपनी आक्रामक और युद्धकारी नीतियां जारी रखीं, तो वो दिन दूर नहीं, पूरी दुनिया उसे सूली पर लटका देगी और अमेरिका के सहयोगियों का भी यही अंजाम होगा। दरअसल, चीन दौरे से पहले ट्रम्प का हाल कुछ ऐसा ही था। ईरान युद्ध में अमेरिका अकेला फंसा था। सहयोगी देशों ने पल्ला झाड़ लिया था और ऐसे में ट्रम्प को चीन की याद आई। तीन दिन तक ट्रम्प, उनकी कैबिनेट के तीन बड़े मंत्री और 30 अमेरिकी उद्योगपति बीजिंग में मीटिंग, चैटिंग और ईटिंग करते रहे। कैपिटल एयरपोर्ट पर उस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का विमान लैंड कर चुका था। चीन के प्रधानमंत्री चाउ एनलाई राष्ट्रपति निक्सन और फर्स्ट लेडी पैट्रिसिया निक्सन का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ग्लोबल डिप्लोमेसी के लिए वो ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े पूंजीवादी देश अमेरिका ने कम्युनिस्ट चीन के लिए अपने दरवाजे खोल दिए थे। राष्ट्रपति निक्सन का चीन दौरा सामान्य नहीं था। ये मजबूरी का दौरा था। अमेरिका 17 साल से वियतनाम युद्ध में फंसा हुआ था। राष्ट्रपति निक्सन वियतनाम युद्ध से बाहर निकलना चाहते थे और उन्हें अच्छी तरह मालूम था कि चीन की मदद के बिना वियतनाम युद्ध खत्म नहीं हो सकता। ये बात उन्होंने चीन की यात्रा पर जाने का ऐलान करने से पहले ही कबूल कर ली थी। राष्ट्रपति निक्सन को चीन से मदद चाहिए थी, इसलिए अमेरिका से चीन की उड़ान भरते समय वो पूरे रास्ते कूटनीतिक सौदे की लिस्ट बनाते रहे कि चीन को बदले



में क्या दिया जा सकता है? कम्युनिस्ट चीन उस समय अमेरिका और पश्चिम देशों के लिए अछूत था। अमेरिका ने चीन को मान्यता तक नहीं दी थी।

चीन की आर्थिक हालत खराब थी। राष्ट्रपति निक्सन ने कम्युनिस्ट चीन को आर्थिक मदद और पूंजी निवेश का भरोसा दिया। साथ ही चीन का भरोसा जीतने के लिए वो वहां की जनता, संस्कृति और इतिहास का बखान करते रहे। अमेरिका और चीन के रिश्तों का वर्तमान एक बार फिर अतीत की दहलीज पर खड़ा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगभग रिचर्ड निक्सन वाले हालात में ही चीन के दौरे पर पहुंचे। निक्सन को वियतनाम युद्ध के दलदल से बाहर निकलना था, तो ट्रम्प ईरान युद्ध में बुरी तरह फंसे हुए थे। होर्मुज स्ट्रेट बंद करके ईरान अपनी शर्तों पर समझौता करने की जिद पर अड़ा था। राष्ट्रपति ट्रम्प को मालूम था कि ईरान का मसला चीन को साथ लिए बिना नहीं सुलझने वाला। हालांकि ट्रम्प का लहजा चीन पर एहसान लादने जैसा ही था। याद कीजिए कि चीन दौरे पर रवाना होने से पहले उन्होंने क्या कहा था। ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के पीछे चीन खड़ा है। युद्ध में ट्रम्प के इकलौते पार्टनर इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू भी उसी दिन ये बता चुके थे कि ईरान की अकड़ के पीछे असली ताकत चीन की ही है। राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के एजेंडा में ईरान युद्ध और होर्मुज पहले नंबर पर था। सवाल सिर्फ ये था कि ईरान पर चीन से दबाव डलवाना है, तो बदले में ट्रम्प चीन को क्या दे सकते हैं? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं था। राष्ट्रपति ट्रम्प के पास भी नहीं, लिहाजा उन्होंने चीन की तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए। ईरान के मसले पर ट्रम्प को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मायूस कर दिया। उन्होंने ईरान को कोई संदेश देने के बजाय सिर्फ इतना कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल नहीं वसूला जाना चाहिए और ना ही फारस की खाड़ी को जंग का मैदान बनाना चाहिए। चीन का इशारा अमेरिका की ओर ही था, जिसकी नौसेना ने ईरान की समुद्री नाकाबंदी कर रखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान और चीन की जिस रणनीतिक दोस्ती को खत्म कराना चाहते हैं, उस दोस्ती का जन्म ही ट्रम्प की वजह से हुआ। ये सिलसिला ट्रम्प के पहले कार्यकाल में शुरू हुआ। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ परमाणु समझौता रद्द कर दिया था। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की मार बढ़ती जा रही थी। उस वक्त ट्रम्प को उनके सलाहकारों ने बताया कि ईरान का 80 प्रतिशत तेल चीन ही खरीद रहा है।

लिहाजा ट्रम्प ने चीन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वो ईरान से तेल खरीदना बंद कर दे। खबर थी कि अमेरिका से टकराव टालने के लिए चीन ऐसा करने के बारे में सोच रहा है। लेकिन, दो महीने बाद ही जुलाई 2019 में राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन की सरकारी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगाने का एलान कर दिया। ट्रम्प सरकार के इसी फैसले ने चीन को उकसा दिया। इसके बाद चीन को अमेरिका की दादागीरी बर्दाश्त नहीं थी।



नॉर्वे। ओस्लो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए।

## ट्रम्प ने चीन से 17 अरब डॉलर के वार्षिक कृषि उत्पाद खरीदने का वादा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत चीन ने अगले तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष कम से कम 17 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अक्टूबर 2025 में की गई सोयाबीन संबंधी पूर्व प्रतिबद्धताओं के अतिरिक्त है। व्यापार के अलावा यह समझौता दो नए द्विपक्षीय तंत्रों, अमेरिका-चीन व्यापार बोर्ड और अमेरिका-चीन निवेश बोर्ड की स्थापना भी करता है, जिनका उद्देश्य राष्ट्रपति ट्रम्प की चीन यात्रा के बाद आर्थिक समन्वय को मजबूत करना है। दोनों पक्षों ने ईरान, उत्तर कोरिया और होर्मुज जलडमरूमध्य सहित प्रमुख भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी सहमति के संकेत दिए हैं।

## एफआरआरओ से जुड़े शेल्टर होम से चार अफ्रीकी महिलाएं फरार

**बेंगलुरु।** विदेशी नागरिकों के लिए यहां बने सरकारी निगरानी वाले शेल्टर होम में रह रही चार अफ्रीकी महिलाओं के खिड़की तोड़कर परिसर से भाग जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना 11 मई को तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच उत्तरी बेंगलुरु के डोड्डागुब्बी में 'न्यू अर्क मिशन ऑफ इंडिया' संचा. लित 'होम ऑफ होप' शेल्टर होम की है और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उन चारों अफ्रीकी महिलाओं का कोई पता नहीं चला है। रिपोर्टों के मुताबिक ये महिलाएं क्षेत्रीय विदेशी पंजीयन कार्यालय की देखरेख और निर्देशों के तहत वहां रह रही थीं। शेल्टर होम के मैनेजर श्रीनिवास एन की दर्ज कराई शिकायत के अनुसार, इस संस्थान में 22 पुरुषों और 18 महिलाओं सहित कुल 40 विदेशी नागरिक रह रहे थे।

# भारत-स्वीडन के बीच संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी: मोदी

### दोनों देशों के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौते

**गोथेनबर्ग ( स्वीडन )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और स्वीडन के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौतों और घोषणाओं से भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। स्वीडन की यात्रा पर गए मोदी ने रविवार देर रात स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने छह क्षेत्रों में सहयोग की घोषणा और समझौते किए।

मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। मुझे विश्वास है कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध



■ मुझे विश्वास है कि भारत व स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी: पीएम

और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। इन समझौतों और घोषणाओं के तहत दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों देश रणनीतिक संवाद करेंगे। उनके बीच अगली पीढ़ी की आर्थिक साझेदारी होगी। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और लोगों के बीच सहयोग को बल मिलेगा। दोनों देशों ने भारत-स्वीडन संयुक्त नवाचार भागीदारी 2-0 शुरू करने का भी निर्णय लिया है। भारत और स्वीडन संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कॉरिडोर का विकास करेंगे। उन्होंने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। स्टार्ट अप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने भारत-स्वीडन एसएमई और स्टार्ट अप प्लेटफार्म के विकास की भी घोषणा की। दोनों देशों ने विकास भी विरासत श्रृंखला के तहत टैगोर-स्वीडन व्याख्यान भी शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है।

## राजनाथ वियतनाम और कोरिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रवाना हुए। रक्षा मंत्रालय ने आज बताया कि सिंह 18 से 19 मई तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जिसके बाद वह 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। सिंह ने दोनों देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले सोशल मीडिया में एक पोस्ट में दोनों एशियाई देशों की यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया ताकि द्विपक्षीय सहभागिता के दायरे का और विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य ध्यान रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर होगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जिसे पांच से सात मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित किया गया था।

# होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप

### इकोनॉमी 8.6 प्रतिशत गिर सकती है, होर्मुज स्ट्रेट से ही होता है भारत का सबसे ज्यादा एलपीजी आयात

**दोहा।** कतर फारस की खाड़ी में मौजूद एक छोटा-सा रेगिस्तानी देश था, जहां ज्यादातर लोग मोती निकालने और समुद्र से जुड़े छोटे-मोटे कारोबार पर निर्भर थे। फिर प्राकृतिक गैस ने इस देश की किस्मत पूरी तरह बदल दी। कतर ने 90 के दशक में बड़े पैमाने पर एलएनजी यानी लिक्विफाइट नैचुरल गैस बनाकर उसे होर्मुज स्ट्रेट के जरिए दुनियाभर में भेजना शुरू किया। इससे उसे हर साल अरबों डालर की कमाई होने लगी। सिर्फ 30 साल में वह दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल हो गया, लेकिन 28 फरवरी के बाद अचानक सब बदल गया। जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया और कतर की दुनिया तक पहुंच लगभग कट गई है।

युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला है। इससे देश में मंदी का खतरा बढ़ गया है। भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरी. दता है। अलग-अलग रिपोर्टों के मुताबिक, भारत की कुल एलएनजी आयात का करीब 40 प्रतिशत से 47 प्रतिशत हिस्सा कतर से आया है। कतर में 1971 में नार्थ फील्ड नाम का विशाल गैस भंडार मिला था। इसे दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में गिना जाता है। तब दुनिया में ज्यादातर देशों तक गैस पाइपलाइन के जरिए पहुंचाई जाती थी। समस्या यह थी कि कतर एक छोटा-सा खाड़ी देश है और उससे सीधे यूरोप या एशिया तक पाइपलाइन बिछाना बेहद महंगा और मुश्किल था। तब कतर ने एक बड़ा दांव खेला। उसने अपनी प्राकृतिक गैस को बहुत ज्यादा ठंडा करके तरल, यानी लिक्विड बनाने की तकनीक अपनाई। इसमें गैस को करीब माइनस 162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जाता है। इतना ठंडा होने पर गैस सिकुड़कर तरल बन जाती है और उसका आकार करीब 600 गुना छोटा हो जाता है। यही एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस कहलाती है। इससे गैस को पाइपलाइन की बजाय जहाजों से दुनियाभर में भेजना संभव हो गया। यहीं से कतर एक ऊर्जा महाशक्ति बनकर उभरा। 1996 में जापान को 60 हजार टन एलएनजी की पहली खेप भेजी गई। इसके बाद उत्पादन तेजी से बढ़ा और 2010 तक कतर की क्षमता 7.7 करोड़ टन सालाना पहुंच गई। कतर की 60 फीसदी से ज्यादा कमाई गैस और उससे जुड़े कारोबार से होती रही। इस कमाई ने कतर के रेगिस्तान की तस्वीर बदल दी। जहां कभी कच्ची सड़कें और खाली रेतीले मैदान थे, वहां आज ऊंची-ऊंची कार्पोरेट इमारतें, चौड़ी सड़कें और आधुनिक शहर खड़े हैं। शहरों में ऐसी सिंचाई व्यवस्था बनाई गई कि रेगिस्तान के बीच भी हरियाली, घास और चमकीले फूल दिखाई देने लगे।

दोहा जैसे शहर आधुनिक महानगरों में बदल गए। कतर ने मेट्रो नेटवर्क बनाया, जो राजधानी दोहा को उत्तर में बसे लुसैल शहर से जोड़ता है। लुसैल में पेरिस जैसे डिजाइन वाला विशाल माल बनाया गया और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क भी तैयार किया गया। कतर ने साल 2022 में दुनिया का सबसे महंगा फुटबाल वर्ल्ड कप आयोजित किया। इतना ही नहीं, उसने करीब 600 अरब डालर का सावरेन वेल्थ फंड बनाया, जिसने लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट, न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और दुनिया भर की बड़ी संपत्तियों में निवेश किया। लुसैल में पेरिस की तर्ज पर बना एक बड़ा माल और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क मौजूद है। कतर की आर्थिक सफलता में रस लाफान की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसे कतर की गैस इकोनामी का दिल माना जाता है। दोहा से 80 किमी उत्तर रेगिस्तान में बसे इस इंडस्ट्रियल सिटी की वजह से कतर दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी निर्यातकों में शामिल हुआ।



■ युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला

■ भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है

## ईरान की हमले से कतर के रस लाफान को नुकसान

**दोहा।** कतर एनर्जी ने ईरानी हमलों और होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से दो महीने से ज्यादा पहले रस लाफान में एलएनजी यानी तरलीकृत प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोक दिया था। हाल के युद्ध में ईरान ने इसे निशाना बनाया। मिसाइलों और ड्रोन हमलों में रस लाफान के कुछ महत्वपूर्ण उपकरणों को नुकसान पहुंचा, जिससे कतर की गैस उत्पादन क्षमता करीब 17 फीसदी घट गई। इसी वजह से यह इलाका अब कतर की सबसे बड़ी चिंता भी बन गया है। कतर का सबसे बड़ा गैस उत्पादन केंद्र रस लाफान लगभग बंद पड़ा है। वहां की सड़कें बंद कर दी गई हैं। राजधानी दोहा के दक्षिण में बने विशाल हमाद पोर्ट पर लोडिंग क्रेन खामोश खड़ी हैं। जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। राजधानी के होटल, लग्जरी दुकानें और बाजार खामोश हैं। एशिया ग्रुप नाम की रणनीतिक सलाहकार कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अहमद हेलाल ने कहा कि कतर की पूरी अर्थव्यवस्था गैस निर्यात पर टिकी हुई है। उनके मुताबिक कि आज कतर में जो कुछ भी दिखाई देता है, वह ऊर्जा से आई दौलत की वजह से बना है।

# मेक्सिको में 10 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में एक बड़े गोलीकांड में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने पुष्टि की कि मरने वालों में छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक नाबालिग शामिल है। अधिकारियों ने अभी तक किसी पीड़ित का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। अधिक. ारियों के मुताबिक, पड़ोसियों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कई लोग गोली लगने से घायल मिले। एक महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

तेहइत्जिंगो करीब 11300 आबादी वाला शहर है, जो मेक्सिको सिटी से लगभग 208 किमी पर है। मेक्सिको 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप की सह- मेजबा. नी करने जा रहा है। मेक्सिको सिटी, मान्टेरी और ग्वाडलहारा में 13 मैच खेले जाएंगे। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम 1 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का ऐलान कर चुकी हैं। प्यूब्ला सरकार ने कहा कि पीड़ितों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। अब तक किसी गिरफ्तारी की जानकारी नहीं दी गई है। हमले की वजह भी साफ नहीं है। अधिकारी मामले की जांच



■ मृतकों में 3 महिलाएं और एक बच्चा, हमलावर फरार, अगले महीने मेक्सिको में फुटबाल वर्ल्ड कप होना है

कर रहे हैं। प्यूब्ला के गवर्नर अले. जांद्रो अर्मेंटा ने भी अब तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मामले की जांच में नेशनल गार्ड, राज्य का अटार्नी जनरल आफिस, राज्य और स्थानीय पुलिस के साथ इंटेलिजेंस टीमें भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमले के पीछे कौन है, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मध्य मेक्सिको में हाल के महीनों में ड्रग कार्टेल से जुड़ी हिंसा बढ़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके चलते 800 से 1,000 परिवार घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। मेक्सिको में ड्रग कार्टेल के लीडर के मौत से नाराज समर्थकों ने ग्वाडलाहारा और प्यूर्टो वालार्टा इलाकों में आगजनी की।



## सैयामी खेर ने साझा किया दिल छू लेने वाला नोट

**मुंबई।** अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडनीस की आगामी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक और बेहद निजी नोट साझा किया है। इस फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने इस सफर को याद करते हुए सैयामी ने आभार जताया कि उन्हें एक बार फिर ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो कहानी का मजबूत और अहम हिस्सा है। उन्होंने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। भावनात्मक और परफॉर्मेंस आधारित फिल्मों को चुनने के लिए पहचानी जाने वाली सैयामी ने विक्रम फडनीस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर बेहद स्नेह, ईमानदारी और अपनापन भरा माहौल बनाया।

# ईरान को चारों तरफ से घेरने की तैयारी

### ट्रम्प ने संकेतात्मक तस्वीर साझा की, नक्शे से दोनों के बीच फिर जुबानी जंग तेज हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान को निशाना बनाकर सोमवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक नक्शे से दोनों देशों के बीच फिर से जुबानी जंग तेज हो गई है। पश्चिमी एशिया के इस नक्शे पर अमे. रिकी झंडा लगा हुआ था और कई दिशाओं से लाल रंग के तीर ईरान की तरफ इशारा कर रहे थे। ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर साझा किए गए नक्शे के साथ हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था, लेकिन इस दृश्य को रणनीतिक दबाव बनाने के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

इसमें कई लाल तीर ईरान की तरफ बढ़ते दिख रहे हैं, जिसका सीधा मतलब ईरान को चारों तरफ से घेरने का संकेत देना है। यह भड़काऊ तस्वीर ट्रम्प द्वारा रविवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक संदेश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने लिखा था कि ईरान के



■ ट्रम्प ने इजरायल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की

लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्हें बहुत तेजी से कदम बढ़ाने होंगे, वरना उनका वजूद ही नहीं बचेगा। उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय बहुत कम है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित शांति प्रस्ताव अधर में लटका हुआ है और कूटनीतिक स्तर पर बात. चीत आगे बढ़ती नहीं दिख रही है। रिपोर्टों के मुताबिक, ट्रम्प ने रविवार शाम को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने की संभावना और ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा पर चर्चा की। ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था, जो सात अप्रैल से लागू एक नाजुक युद्धविराम के सहारे थमा हुआ है। हालांकि, शांति वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हो सकी है। इस युद्ध की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य की पूरी तरह से नाकेबंदी हो गई है, जहां से आम दिनों में दुनिया के कुल तेल निर्यात का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता था।

## अमेरिका में एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान टकराए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो प्रांत में आयोजित एक एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान हवा में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, गनीमत रही दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए।

अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मियों की हालत स्थिर है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में अमेरिकी नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बॉइंग ईए-18जी ग्राउलर विमान हवाई प्रदर्शन के दौरान एक-दूसरे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि समय रहते पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कोई चोट आई है या नहीं। यह दुर्घटना रविवार को 'गनफाइटर स्काइज एयर शो' के दूसरे और अंतिम दिन हुई। एयर शो माउंटेन होम एयर फोर्स बेस से लगभग 3-2 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आयोजित किया गया था। हादसे के बाद मौके पर आग लग गई और एयर बेस को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। इसके साथ ही एयर शो के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। माउंटेन होम एयर फोर्स बेस गनफाइटर्स ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि घटना में शामिल चालक दल के सदस्य स्थिर स्थिति में हैं।

■ दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए

# पुतिन की चीन यात्रा में वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

### पुतिन शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर

**बीजिंग/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद, चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी करेगा और वार्ता में रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। पुतिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर हैं।

दो दिवसीय यात्रा के दौरान पुतिन और शी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। पुतिन चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा से पहले, शी और पुतिन ने रविवार को 'बधाई पत्र' का आदान-प्रदान किया। ये संदेश अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन की उच्च स्तरीय यात्रा के कुछ ही दिनों बाद आए हैं, जो चार दिन पहले समाप्त हुई थी। चीनी सरकारी मीडिया में प्रसारित बयान में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस के बीच सहयोग लगातार गहराता और मजबूत होता जा रहा है और उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष उनकी रणनीतिक साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ है। सरकारी मीडिया टैब्लॉइड ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपतियों की यात्राओं से पता चलता है कि बीजिंग 'वैश्विक कूटनीति के केंद्र बिदु के रूप में तेजी से उभर रहा है'। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि इन लगातार यात्राओं ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, और विश्लेषकों का कहना है कि शीत युद्ध के बाद के युग में किसी देश के लिए एक सप्ताह के भीतर अमेरिका और रूस के नेताओं की मेजबानी करना अत्यंत दुर्लभ है। रूस के साथ चीन के बढ़ते संबंधों ने पश्चिम में चिंता पैदा कर दी है, खासकर 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से। तब से रूस को चीन के आर्थिक और राजनयिक समर्थन ने संघर्ष को जारी रखने में मदद की है। दोनों देशों के नेताओं की 40 से अधिक बार मुलाकात हो चुकी है। इस बीच, 2022 के बाद से चीन और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार में भारी वृद्धि हुई है, और अब रूस के निर्यात का एक चौथाई से अधिक हिस्सा चीन का है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के अनुमानों के अनुसार, अकेले रूसी कच्चे तेल की चीनी खरीद से मॉस्को को सैकड़ों अरब डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो आक्रमण के बाद से कुल ईंधन खरीद को 367 अरब डॉलर से अधिक बताता है।



■ दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे





